आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,बुधवार 24 दिसंबर 2025 ■ पौष शुक्ल पक्ष-5 ■ वर्ष -41 ■ अंक-265 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 25 दिसंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये


# धर्मांतरण के विरोध में जशपुर से बस्तर तक बंद

**रायपुर,24 दिसंबर।** कांकेर जिले के आमाबेड़ा क्षेत्र में धर्मांतरण के विरोध के दौरान हुई हिंसा के मामले में अब सर्व समाज ने मोर्चा खोल दिया है। समाज की ओर से आज 24 दिसंबर को पूरे प्रदेश में "छत्तीसगढ़ बंद" का आह्वान किया गया है। इस बंद को छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का भी समर्थन मिला है। बंद का असर राजधानी रायपुर, कांकेर, दुर्ग, गरियाबंद, जगदलपुर, खैरागढ़ समेत प्रदेश के कई जिलों में देखने को मिल रहा है। सुबह से ही बाजार और व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद हैं। सर्व समाज का आरोप है कि धर्मांतरण के विरोध में आवाज उठाने वालों के साथ प्रशासन ने निष्पक्ष रवैया नहीं अपनाया, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ी। इसी के विरोध में शांतिपूर्ण तरीके से बंद का फैसला लिया गया है। भानुप्रतापपुर के आमाबेड़ा क्षेत्र के बड़े तेवड़ा गांव में सरपंच रजमन सलाम के पिता चमरा राम की मृत्यु के बाद उनका शव गांव में ही दफनाया गया था। सरपंच का परिवार धर्म परिवर्तन कर चुका था, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी थी।राजधानी के मुख्य बाजार मालवीय रोड, एमजी रोड,गोलबाजार,सदर बाजार, कपड़ा मार्केट सहित छोटे बाजार भी बंद रहे। बैंक व दवा दुकानें खुली रहीं। सर्व

**राजधानी में सुबह से बंद रहे बाजार**



समाज के कार्यकर्ता वाहनों में घुमकर बंद कराते रहे। बंद का असर आज सुबह से ही बस्तर मुख्यालय जगदलपुर में साफ नजर आया. सुबह से ही सर्व समाज के पदाधिकारी और विभिन्न समाजों के प्रमुख जगदलपुर शहर में भ्रमण कर बंद का जायजा लेते नजर आए. बाजार, दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे, जिससे शहर की रफ्तार थमी हुई दिखाई दी.व्यापारियों का कहना था कि क्रिसमस त्यौहार के चलते इस समय व्यापार चरम पर रहता है, और बंद से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा. इसी मुद्दे को लेकर मेन रोड में कुछ समय के लिए तनाव और बवाल की स्थिति भी बनी, हालांकि बाद में व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं और मामला शांत हुआ.विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी रवि ब्रह्मचारी ने बंद को लेकर कहा कि कांकेर की आमाबेड़ा घटना से पूरा समाज आहत है और बस्तर में 100 प्रतिशत बंद का असर देखने को मिल रहा है. उन्होंने मांग की कि अमाबेड़ा में हिंदुओं पर हमला करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए. साथ ही एक विशेष जांच टीम गठित कर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो और जिन अधिकारियों की इसमें भूमिका रही है, उन पर भी सख्त कार्रवाई की जाए.

## खड़ी ट्रेलर से टकराई बोलेरो, दो की मौत

**रायगढ़,24 दिसंबर।** जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला जूटमिल थाना क्षेत्र का है, जहाँ बीच सड़क खड़े एक ट्रेलर ने दो लोगों की जान ले ली और तीन मासूम दिव्यांग बच्चों की जिंदगी को खतरे में डाल दिया। यह हादसा न सिर्फ लापरवाही की कहानी है, बल्कि सिस्टम और सड़क सुरक्षा पर भी बड़ा सवाल खड़ा करता है। जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोड़ातराई में कल रात करीब 10 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया।

बीच सड़क पर खड़े ट्रेलर में तेज रफ्तार बोलेरो वाहन जा घुसा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान 44 वर्षीय कौशल मालाकार, बोलेरो वाहन मालिक, और 55 वर्षीय मनोहर नंदा, मुखबधिर स्कूल संचालक के रूप में हुई है। वाहन में कुल पांच लोग सवार थे, जिनमें तीन बच्चे शामिल थे। तीनों बच्चे दिव्यांग हैं और उनकी उम्र 10 से 15 वर्ष के बीच बताई जा रही है।



# विनोद कुमार शुक्ल की अर्थी को मुख्यमंत्री साय ने दिया कंधा

**रायपुर, 24 दिसम्बर, 24 दिसंबर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के शैलेन्द्र नगर स्थित वरिष्ठ साहित्यकार एवं ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित स्वर्गीय विनोद कुमार शुक्ल के निवास पहुँचे और उनके अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर नमन किया तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने स्वर्गीय शुक्ल के पार्थिव शरीर को कंधा देकर उन्हें भावपूर्ण अंतिम विदाई दी। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर अपनी गहरी संवेदनाएँ व्यक्त कीं तथा असंख्य पाठकों और साहित्य-प्रेमियों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की माटी से उपजे महान साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल के निधन से हिंदी साहित्य जगत को अपूरणीय क्षति पहुँची है। उनकी रचनाएँ संवेदनशीलता, मानवीय सरोकारों और सरल किंतु गहन अभिव्यक्ति की अनुपम मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि शुक्ल की लेखनी ने हिंदी साहित्य को नई ऊँचाइयाँ प्रदान कीं। उनका साहित्य न केवल पाठकों को गहराई से स्पर्श करता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन का स्रोत बना रहेगा। साहित्य जगत में उनका अवदान सदैव स्मरणीय रहेगा।मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह एक ऐसे सृजनशील व्यक्तित्व की अंतिम यात्रा थी, जिन्होंने साहित्य जगत को ऐसी अनमोल कृतियाँ दीं, जो साहित्य संसार की थाती हैं। साहित्यकार और कवि के विचार सदैव जीवित रहते हैं, उनकी कलम की स्याही शब्दों में अमर हो जाती है। विनोदजी का साहित्य हमारी सांस्कृतिक चेतना को दिशा देता रहेगा, उनकी स्मृतियाँ सदैव हमारे बीच जीवंत रहेंगी।विनोद कुमार शुक्ल को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। इस अवसर पर कवि डॉ. कुमार विश्वास, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा, मुख्यमंत्री के प्रेस अधिकारी अलोक सिंह, छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार, जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# इसरो ने रचा इतिहास, दुनिया का सबसे बड़ा कॉमर्शियल संचार सैटेलाइट लॉन्च

**श्रीहरिकोटा,24 दिसंबर।** भारत ने अंतरिक्ष की दुनिया में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। हम आपको बता दें कि श्रीहरिकोटा से उड़े इसरो के सबसे शक्तिशाली प्रक्षेपण यान एलवीएम3 एम6 ने अमेरिका के संचार उपग्रह ब्लूबर्ड ब्लॉक 2 को पृथ्वी की निम्न कक्षा में सटीकता के साथ स्थापित कर दिया है। यह केवल एक सफल प्रक्षेपण नहीं था बल्कि भारत की तकनीकी क्षमता, रणनीतिक आत्मविश्वास और वैश्विक विश्वसनीयता का प्रदर्शन भी था।

हम आपको बता दें कि 43.5 मीटर ऊंचे और दो एस200 ठोस बूस्टरों से लैस इस भारी रॉकेट ने लगभग 15 से 16 मिनट की उड़ान के बाद 6100 किलोग्राम वजनी उपग्रह को करीब 520 किलोमीटर ऊंची कक्षा में स्थापित किया। यह एलवीएम3 के इतिहास का अब तक का सबसे भारी पेलोड है जिसे भारतीय धरती से अंतरिक्ष में पहुंचाया गया। इस मिशन के साथ एलवीएम3 ने अपनी छठी परिचालन उड़ान और तीसरी समर्पित वाणिज्यिक उड़ान पूरी की। यह प्रक्षेपण इसरो की वाणिज्यिक




इकाई न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड और अमेरिका स्थित एएसटी स्पेसमोबाइल के बीच हुए समझौते के तहत किया गया। ब्लूबर्ड ब्लॉक 2 सीधे मोबाइल से जुड़ने वाली अगली पीढ़ी की उपग्रह संचार प्रणाली का हिस्सा है, जो बिना किसी विशेष उपकरण के 4जी और 5जी सेवाएं देने के लिए तैयार की गई है। इसका विशाल फेज्ड एरे एंटेना इसे निम्न कक्षा में तैनात सबसे बड़े वाणिज्यिक संचार उपग्रहों में शामिल करता है। इस मिशन की सफलता पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने बताया कि नियोजित कक्षा के मुकाबले वास्तविक कक्षा में केवल मामूली अंतर रहा, जो प्रक्षेपण की उच्च सटीकता को दर्शाता है। इसरो प्रमुख ने इसे भारत के भारी प्रक्षेपण कार्यक्रम के लिए मील का पत्थर बताया। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस उपलब्धि पर वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई देते हुए कहा कि यह मिशन न केवल गगनयान जैसे भविष्य के मानव अंतरिक्ष अभियानों की नींव मजबूत करता है बल्कि वैश्विक वाणिज्यिक प्रक्षेपण बाजार में भारत की भूमिका को भी और धार देता है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि भारी पेलोड उठाने की यह क्षमता आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का ठोस प्रमाण है। देखा जाये तो एलवीएम3 एम6 की यह उड़ान रणनीतिक स्तर पर एक सधी हुई चुनौती है। आज के दौर में अंतरिक्ष केवल विज्ञान का क्षेत्र नहीं रहा, यह शक्ति संतुलन का नया मोर्चा बन चुका है।

## सड़क हादसे में दो युवक की मौत

**दुर्ग,24दिसंबर।** ढोर चौक के पास हुए भीषण सड़क हादसे में गोंडपेण्ड्री गांव के दो युवकों की मौत हो गई। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है। मृतकों की पहचान गणेश यादव और राहुल ठाकुर (निवासी—गोंडपेण्ड्री) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि ताज़ा मामले में तीन युवक एक ही वाहन पर सवार होकर सेलुद की ओर जा रहे थे, तभी ढोर चौक के पास उनका एक्सीडेंट हो गया। हादसे में गणेश यादव को अत्यधिक रक्तस्राव हुआ, जिससे उनकी मौत की खबर सामने आई। वहीं राहुल ठाकुर की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। एक अन्य युवक इस हादसे में गंभीर रूप से घायल है और अस्पताल में भर्ती है।



# कुख्यात गैंगस्टर मयंक सिंह को झारखंड से लेकर रायपुर पहुंची पुलिस

**रायपुर,24 दिसंबर।** झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर मयंक सिंह को लेकर छत्तीसगढ़ पुलिस रायपुर पहुंच गई है. झारखंड से रायपुर तक ट्रांजिट रिमांड के दौरान दोनों राज्यों के करीब 15 अधिकारी सुरक्षा में तैनात रहे. 23 दिसंबर की रात करीब 10 बजे झारखंड से रवाना हुई पुलिस टीम लगभग 14 घंटे बाद रायपुर पहुंची. फिलहाल गैंगस्टर मयंक सिंह से एसीसीयू क्राइम ब्रांच कार्यालय में वरिष्ठ अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं. कुछ ही देर में उसे रायपुर कोर्ट में पेश किया जाएगा. गौरतलब है कि जुलाई 2024 में रायपुर के कोयला और कंस्ट्रक्शन कारोबारी प्रहलाद राय और PRA ग्रुप के संचालक के कार्यालय पर फायरिंग की घटना हुई थी. इस वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था, जिसमें बाइक सवार आरोपी द्वारा दो राउंड फायरिंग करते हुए देखा गया था. एक गोली हवा में और दूसरी कार पर चलाई गई थी. पुलिस जांच में इस फायरिंग के पीछे मयंक सिंह का नाम सामने आया था और उसे इस मामले का मुख्य आरोपी बताया गया है. कोर्ट ने मयंक सिंह के खिलाफ प्रोडक्शन वारंट जारी किया था. जिसके बाद पुलिस उसे ट्रांजिट रिमांड पर लेकर रायपुर पहुंची



है. 16 जून 2024 को छत्तीसगढ़ और झारखंड के कोल व कंस्ट्रक्शन कारोबारियों को निशाना बनाने आए आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद मयंक सिंह ने छत्तीसगढ़ की मीडिया को एक धमकी भरा ई-मेल भेजा था. ई-मेल में उसने गिरफ्तारी को साजिश बताया और रंगदारी मांगने से इनकार करते हुए 'ईगो हर्ट' होने की बात कही थी. साथ ही कारोबारियों के परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी भी दी गई थी. इस ई-मेल के बाद रायपुर एसएसपी ने मामले की जांच के निर्देश दिए थे. मयंक सिंह को गैंगस्टर अमन साव का करीबी माना जाता रहा है. वहीं यह भी चर्चा है कि वह लॉरेंस बिश्नोई का बचपन का दोस्त है. हाल ही में इंटरपोल की मदद से उसे अजरबैजान से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया था. यह झारखंड का पहला मामला है, जिसमें किसी गैंगस्टर को विदेश से प्रत्यर्पित कर देश वापस लाया गया हो. रांची एयरपोर्ट से जेल तक उसे बख्तरबंद वाहन में कड़ी सुरक्षा के बीच ले जाया गया था. पुलिस के अनुसार, मयंक सिंह के खिलाफ हत्या, रंगदारी, धमकी, फायरिंग और आपराधिक साजिश जैसे 45 से अधिक छोटे-बड़े मामले दर्ज हैं. वह लंबे समय तक विदेश में रहकर अपने आपराधिक नेटवर्क का संचालन कर रहा था. जानकारी यह भी है कि उसने उद्योगपतियों, कारोबारियों और नेताओं से भी रंगदारी मांगी थी. राजस्थान में एक कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री से भी वह रंगदारी मांग चुका है. पुलिस अधिकारियों के मुताबिक मयंक सिंह डंकी रूट के जरिए विदेश पहुंचा था. वह सिंगापुर, ईरान और मेक्सिको होते हुए अमेरिका तक गया और वहीं से गैंग का संचालन करता रहा. अमन साव का पहले ही एनकाउंटर हो चुका है, ऐसे में पुलिस मयंक सिंह को इस नेटवर्क की अहम कड़ी मान रही है. प्रत्यर्पण के बाद अब उससे अमन साव और लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े कई अहम राज खुलने की उम्मीद जताई जा रही है.






# भिलाई बंद को व्यापारियों का मिला समर्थन, नहीं खुले दुकानों के शटर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 24 दिसंबर।** कांकेर जिले के आमाबेड़ा में मिशनरियों द्वारा स्थानीय जनजाति समाज पर किए गए योजनाबद्ध हमले और स्थानीय प्रशासन के भेदभावपूर्ण रवैये के खिलाफ सर्व समाज आज छत्तीसगढ़ बंद आंदोलन को भिलाई में व्यापक समर्थन मिला। आज सुबह से प्रमुख बाजारों में दुकानों के शटर नहीं खुले। बंद के समर्थन में चेम्बर ऑफ़ करके ने सभी बाजारों में अपने प्रतिनिधि नियुक्त किये थे जो सभी व्यापारियों को अपने प्रतिष्ठान 2 बजे तक बंद रखने का आह्वान करते रहे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज चेम्बर कार्यालय में अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में व्यापारिक संगठनों एवं चेम्बर पदाधिकारियों की एक अति आवश्यक बैठक संपन्न हुई थी। बंद के दौरान मेडिकल स्टोर्स और पेट्रोल पंप खुले रहे ताकि मरीजों और अति-आवश्यक यातायात में कोई बाधा न आए। जवाहर मार्केट व सर्कुलर मार्केट क्षेत्र में शिव राज शर्मा, विजय गुप्ता, निरंकार सिंह, प्रेम रतन गहलोत, सुपेला क्षेत्र में विनय सिंह, दर्शन खटवानी, राकेश मल्होत्रा, राहुल चेलानी, नेहरू नगर, स्मृति नगर क्षेत्र में रॉकी अग्रवाल सेक्टर क्षेत्र में नरेश वासवानी, उत्तमचंद जैन, भिलाई 3 क्षेत्र में अनिल जेठानी, शमन लाल नाथानी, सुषमा जेठानी, कुम्हारी में विशाल राठौर सभी बाजारों में जाकर व्यापारियों को बंद के समर्थन के लिए निवेदन करते रहे।






## पोड़ी में छत्तीसगढ़ बंद का दिखा असर

**कवर्धा, 24 दिसंबर।** पोड़ी में सेलून , कपड़ा बेचने वाले दुकान, बर्तन बेचने वाले दुकान, मिठाई दुकान भी बंद दिखी लेकिन सिर्फ मेडिकल दुकान और सब्जी बेचने वाले दुकान खुले दिखे । बस चलती हुई दिखी । सर्व समाज छत्तीसगढ़ के द्वारा किए गए बंद को व्यापक समर्थन पोड़ी में मिली ऐसा कहा जा सकता है ।

## एक नजर

### पैसा नहीं देने पर किया हमला

**भिलाई, 24 दिसंबर (तछसं.)।** भिलाई उधारी पैसे मांगने पर मना करने पर युवक के सिर पर पत्थर पटककर हमला कर दिया गंभीर अवस्था में उसे रायपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान सप्ताहभर बाद मंगलवार को दम तोड़ दिया छावनी पुलिस ने बताया कि जय निवासी सूर्या नगर फल मण्डी केम्प 02 ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 13 दिसंबर की शाम करीब 6 बजे सतनाम नगर कुंआ के पास बैठा था प्रार्थी से 8-10 मीटर दूर में नीलकमल जांगड़े उर्फ नीलू व शिवा दोनों बैठकर शराब पी रहे थे। शिवा ने नीलकमल को दिये उधार के पैसे 15 हजार रुपए वापस मांग रहा था। जिस पर नीलकमल ने कहा कि उसके पास अभी उतना नहीं हैं उसके पास 3500 रुपए है तो उसमें से 2000 रू दे दूंगा बाकी पैसा धीरे धीरे वापस करूंगा उसी बात पर फिर शिवा ने नीलू से मारपीट की प्रार्थी ने शिवा को समझाया कि क्यों विवाद कर रहा है उनका विवाद बढ़ते गया तथा करीब रात्रि 8.30 बजे शिवा ने कांक्रीट पत्थर का बड़ा टुकड़ा उठाकर नीलकमल को जान से मारने की नीयत से उसके सिर में मारा इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया गंभीर अवस्था में रायपुर में इलाज के दौरान मंगलवार को उसने दम तोड़ दिया पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### देह व्यापार,3 के खिलाफ कार्रवाई

**भिलाई, 24 दिसंबर (तछसं.)।** भिलाई होटल क्राउड जुनवानी में पुलिस की चेकिंग में गुजरात एवं उत्तरप्रदेश की महिला होटल में मिली



पता चला कि होटल में देह व्यापार हो रहा था पुलिस ने मैनेजर समेत संदिग्ध दोनों महिलाओं के विरुद्ध पुलिस ने प्रतिबंधात्मक की है स्मृतिनगर चौकी प्रभारी गुरूविन्दर सिंग संधु ने बताया कि स्मृतिनगर चौकी क्षेत्र में होटल, लॉज, ढाबा की रूटिन चेकिंग दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि होटल क्राउड जुनवानी रोड में बाहर से दो लड़किया लाकर देह व्यापार कराया जा रहा है महिला रक्षा टीम प्रभारी उप निरीक्षक नीता राजपूत, प्रधान आरक्षक जितेन्द्र सिंह कुशवाहा, प्रधान आरक्षक धर्मशीला यादव, म.आर. मोनी रावटे के होटल क्राउड में दबिश दी, जहां गुजरात एवं उत्तरप्रदेश की महिला होटल में पाये जाने से पहचान पत्र मांगा गया। इनके द्वारा पहचान पत्र देने से मना किया गया तथा होटल मैनेजर ने रूटिंन चेकिंग का विरोध करने पर समझाइश दिया। इसके बाद पुलिस पार्टी के साथ वाद-विवाद हल्ला गुल्ला कर रहे थे इससे मौके पर कानून व्यवस्था बाधित होने से मौके पर होटल मैनेजर प्रदीप मिश्रा (23 साल) निवासी ग्राम जगहथा नहर के पास पोस्ट झिला थाना ताला जिला सतना मध्यप्रदेश हाल मैनेजर होटल क्राउड जुनवानी रोड चौकी स्मृतिनगर थाना सुपेला जिला दुर्ग, संदिग्ध महिला नाजरीन बानो (23 साल) निवासी फैजाबाद रोड थाना मरिपारी जिला लखनऊ उत्तरप्रदेश, सनम अंसारी (25 साल) निवासी थाना दमन जिला दमन गुजरात को गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की।

### धोखा से विवाह करने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 24 दिसंबर (तछसं.)।** भिलाई विवाहित होते हुए भी स्वयं को अविवाहित बताकर पीड़िता के साथ धोखाधड़ी देकर विवाह करने वाले आरोपी को थाने उतई पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी ने अपने पूर्व हुए विवाह व तलाक, उम्र एवं नौकरी की जानकारी न देकर पीड़िता को गुमराह किया और छल पूर्वक उससे विवाह किया था विवाह मध्यस्थ करने वाले व्यक्ति को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उतई टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि 22 दिसंबर को पीड़िता ने लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि आरोपी विजय कुमार पांडेय के द्वारा अपने पूर्व में हुए विवाह व तलाक की बात, उम्र एवं अपनी नौकरी के संबंध में जानकारी न देते हुए गुमराह कर छलपूर्वक उससे विवाह किया है। विवाह में मध्यस्थ करने वाले व्यक्ति विद्ववासनी शुक्ला के द्वारा उक्त बातों की जानकारी होने के बावजूद भी उसने पीड़िता को जानकारी न देते हुए विवाह संपन्न कराया था। प्रार्थिया के ससुराल में रहने के दौरान आरोपी के व्यवहार से शारीरिक एवं मानसिक रूप से वह प्रताड़ित होने लगी थी। आरोपी विजय कुमार पांडेय का कृत्य आवेदिका को गुमराह करते हुए छल पूर्वक धोखाधड़ी कर विवाह करना पाए जाने पर उसके विरुद्ध धारा 318 (4), 85 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया गया था।

# जिला साहू संघ के अध्यक्ष धर्मराज साहू उपाध्यक्ष कौशल साहू निर्विरोध चुने गए



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,24 दिसंबर।** जिला साहू संघ के निर्विरोध जिला अध्यक्ष धर्मराज साहू जिला उपाध्यक्ष श्रीमती मनीषा साहू जिला उपाध्यक्ष कौशल साहू जिला संगठन सचिव लोकचंद साहू जिला संगठन सचिव श्रीमती कौशिल्या साहू हुए घोषित । सभी पदाधिकारी को बधाई देने तैलीक महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ सियाराम साहू तैलिक महासभा केराष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक साहू जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू पुर्व जिला अध्यक्ष पतिराम साहू , संदीप साहू पुर्व जिला अध्यक्ष शीतल साहू पुर्व जिला अध्यक्ष विष्णु साहू पुर्व जिला अध्यक्ष ईश्वर साहू सातोराज? जिलाध्यक्ष श्री मंदन साहू जिला साहू संध संरक्षक सुदर्शन साहू जिला साहू संध संरक्षक चतुरराम साहू करमा सेनाजिला अध्यक्ष धनश्याम साहूयुवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष खिलेशवर साहू तहसील अध्यक्ष बोड़ला मिलुरामसाहू तहसील अध्यक्ष लोहारा रजेलाल साहू सहित सभी मंडल पदाधिकारी तहसील पदाधिकारी व सभी साहू समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे ।

## जनसमस्या निवारण शिविर में नशामुक्ति की शपथ दिलाई




**कवर्धा, 24 दिसंबर।** ग्राम मोहगॉव, जनपद पंचायत पंडरिया में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों , जनसामान्य एवं पेंशन हितग्राहियों को नशे के दुष्प्रभाव से अगवत कराते हुए उन्हें जागरूक किया गया तथा नशामुक्ति की शपथ दिलाया गया। उक्त कार्यक्रम में श्री जागूराम पटेल, प्र.समाज शिक्षा संगठक, जनपद पंचायत पण्डरिया, नरेन्द्र जायसवाल, कम्प्यूटर आपरेटर एवं रामचरण पटेल, कम्प्यूटर आपरेटर जिला कार्यालय समाज कल्याण कबीरधाम उपस्थित रहे। समाज कल्याण उपसंचालक अभिलाषा पंडा गांव , शहर , दूरस्थ अंचलों में लगातार नशा मुक्त अभियान के प्रति जागरूक कर रही है जिसकी तारीफ की चर्चा जनमानस में देखी जा रही है ।

# नपं पाटन में उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों को गैस कनेक्शन दिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 24 दिसंबर।** नगर पंचायत पाटन में उज्ज्वला योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले की गरिमामयी उपस्थिति में हितग्राहियों को गैस प्रदान कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के सामाजिक और स्वास्थ्यगत लाभों पर प्रकाश डाला।

नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने कहा कि यह योजना महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण, स्वच्छता और सम्मानजनक जीवन की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है, जिससे धुएँ से होने वाली बीमारियों में कमी आयी है और घरेलू जीवन अधिक सुरक्षित एवं सुविधाजनक बना है। इस योजना के लिए अध्यक्ष भाले ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया है।

इस अवसर पर नगर पंचायत



उपाध्यक्ष निशा योगेश सोनी, सभापति केवल देवांगन, देवेंद्र ठाकुर, पार्षद अन्नपूर्णा पटेल, भाजपा नेता प्रकाश बिजौरा, चिरंजीव देवांगन, लोकेश पटेल, अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं हितग्राही प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

### अटल परिसर का वर्चुअल लोकार्पण 25 को

**जामुल,24 दिसंबर (तछसं.)।** नगर पालिका जामुल में 25 दिसम्बर को अटल परिसर निर्माण का वर्चुअल लोकार्पण किया जायेगा । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री अरूण साव होंगे । विशिष्ट अतिथि के रूप में विजय बघेल सांसद, डोमनलाल कोर्सेवाड़ा विधायक, ईश्वर सिंह ठाकुर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जामुल होंगे । साथ ही अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सतीश साहू विधायक प्रतिनिधि, सुनीता चन्नेवार उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद जामुल, पी.आई.सी. प्रभारी खम्हन ठाकुर, सीमा यादव, कविता बिश्वाल, रामदुलार साहू, चुम्मन वर्मा, अहिल्या वर्मा, शांति टंडन सहित पार्षद गण सबीहा करीम खान, रेखराम बंछोर, सरोजनी चंद्राकर, दीपक गुप्ता, संजय देशलहरे, अश्वनी साहू, निशा चन्नेवार, रामप्यारी वर्मा, के. राजू, दुर्गा वैष्णव, तिलेश्वर देवांगन होंगे। कार्यक्रम वार्ड क्र. 13 में बोगदा पुल के पास प्रातः दस बजे आयोजित होगा । मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमति सीमा बक्शी ने लोकार्पण अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है ।

# रेलवे परियोजना से प्रभावित किसानों की समस्याएं विधायक ने सुनीं



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 24 सितंबर।** विधायक ललित चंद्राकर ने रेल्वे परियोजना से प्रभावित किसानों की सुनी समस्याएं रेल्वे परियोजना (खरसिया नवा रायपुर परमलकसा) अंतर्गत भूमि अधिग्रहण से प्रभावित 18 गांव के किसानों ने दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर से मुलाकात की और अपनी समस्याओं से अवगत कराया। किसानों ने विधायक को बताया कि गाईड लाइन दरों के निर्धारण में व्यवहारिक संतुलन नहीं है, सर्वे प्रक्रिया की प्रक्रियाएं सही और विश्वसनीय नहीं हैं, खसरा बांटाकन एवं परिवारिक स्पष्ट नहीं है, आजीविका एवं संग्राम पुनर्वास संबंधित निवेदन का पारदर्शी एवं लिखित उत्तर नहीं मिल रहा है। विधायक ललित चंद्राकर ने किसानों की समस्याओं को सुनकर तहसीलदार वसुमित्र दिवान को भी एवं संबंधित अधिकारी जिला कलेक्टर को फोन व पत्रचार के माध्यम से अवगत कराया और किसानों की मनसा के अनुरूप तत्काल समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का निराकरण करना हमारी प्राथमिकता है और हम इस दिशा में काम करेंगे।

## गुढ़ियारी में भागवत कथा का आयोजन

**रायपुर,24 दिसंबर।** श्री मारुति मंगलम भवन, गुढ़ियारी में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 22 दिसम्बर से जारी है। ज्ञान यज्ञ की पूर्णाहुति व हवन 29 दिसम्बर को दोपहर 12 से होगा। इसी दिन महाप्रसाद का भी आयोजन है। कथावाचक चैतन्यधाम, शापुर, जूनागढ़ गुजरात के मनोज भाई भट्ट हैं। यह जानकारी नगर निगम के सभापति सूर्यकांत राठौर ने दी है। 25 दिसम्बर को वामन अवतार श्रीरामजन्म, कृष्ण जन्मोत्सव, 26 दिसम्बर को गोवर्धन लीला, अन्नकूट दर्शन, 27 दिसम्बर को रूक्मणी विवाह तथा 28 दिसम्बर को सुदामा चरित्र, परिक्षित मोक्ष की कथा होगी। कथा समय प्रातः साढ़े नौ से साढ़े बारह बजे तथा दोपहर साढ़े तीन से साढ़े छः बजे तक है।

# पोड़ी में प्राकृतिक चिकित्सा शिविर आयोजित




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,24 दिसंबर।** पतंजलि योग शिक्षकों द्वारा गायत्री गुरुकुल पोड़ी में 5 दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है, इस शिविर में हरिद्वार से प्रशिक्षित थैरेपिस्ट अलग अलग विषय के विशेषज्ञ आए हुए है, इस शिविर में आस पास के अलावा उड़ीसा , मध्यप्रदेश के स्वास्थ्य साधक भी आए हुए है, सभी स्वास्थ्य साधक इस आयोजन से पूरी तरह से प्रसन्न हैं, इस शिविर में आयुष विभाग भी पूरी तरह से सेवा दे रहे हैं, सभी साधकों को शिविर स्थल में ही निःशुल्क परामर्श, औषधि, उपलब्ध हो रहा है, स्वामी अभयानंद जी द्वारा कई रोगों का इलाज एक्यूप्रेशर से तुरंत ठीक करने से साधक हतप्रभ रह जाते हैं, एक एक साधकों को विशेष ध्यान देकर उनके समस्या का निराकरण कर रहे हैं, आज शिविर का शुभारंभ जनपद पंचायत बोड़ला के उपाध्यक्ष नन्द श्रीवास और वरिष्ठ समाज सेवी भईया भगत पटेल के कर कमलों से दीप प्रज्वलन का किया गया, ये लोग भी विभिन्न थैरेपी का स्वयं लाभ लिए,और इस तरह का आयोजन साल में कम से कम 2 बार करने का सुझाव भी दिए ।

# कान्यकुब्ज युवक-युवतियों ने मंच पर दिया अपना परिचय




**भिलाई, 24 दिसंबर।** कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच द्वारा आयोजित पारिवारिक परिचय सम्मेलन भव्य उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम मानव आश्रमए सेक्टर.1 में प्रातः 10. 30 बजे से संध्या 5 बजे तक चला। शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। मुख्य अतिथि सुनील दीक्षित, मैनेजिंग डायरेक्टर एफ एसएनएल, भिलाई और समाज के संरक्षक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव उपस्थित थे। समाज के अध्यक्ष उमाकांत दीक्षित ने स्वागत उद्बोधन में समाज की महत्ता और वर्षभर की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। महासचिव रविन्द्र मिश्रा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और आगामी योजनाओं की जानकारी दी। पूर्व कार्यपालक निदेशक बीएम के बाजपेई ने रामचरितमानस और श्रीमद् भगवत गीता के उपदेशों को जीवन का आधार बनाने और समाज को संगठित करने का आह्वान किया। नागपुरए बिलासपुरए रायपुरए राजनांदगांव और अन्य जिलों के अध्यक्षों ने उपस्थित जनसमुदाय को एकरूपता और जागरूकता के लिए प्रेरित किया। युवक-युवतियों ने उत्साहपूर्वक परिचय प्रस्तुत किया और आपसी संबंध बनाने पर चर्चा की। समाज ने वैवाहिक पत्रिका चेतना का विमोचन किया। वरिष्ठ सदस्यों 75 वर्ष पूर्ण को कौस्तुभ सम्मान से सम्मानित किया गया। नवनिर्मित डिजिटल एप को उपस्थित स्वजनों ने सराहा और इसे बहुउद्देशीय बताया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती वंदना पाण्डेयए श्रीमती मीतूए अनिल अवस्थीए राकेश शुक्ला ने किया। साज.सज्जाए पंजीयनए स्वागत आदि में श्रीमती ममता अवस्थीए रमा अग्निहोत्रीए सुनीता तिवारीए नम्रता दीक्षितए श्रुति तिवारीए विद्या तिवारी ने विशेष भूमिका निभाई। अन्य सहयोगी सदस्यों में श्रवण शुक्लए संजय बाजपेईए स्वदेश शुक्लए बृजकिशोर द्विवेदीए राजकुमार मिश्राए संदीप दीक्षितए अतुल अवस्थीए राजेश मिश्राए सतीश शुक्लाए विजय तिवारी शामिल थे। अंत में उपाध्यक्ष आलोक शुक्ला ने आभार व्यक्त किया।



# अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद व बजरंग दल ने किया बांग्लादेशी जिहादी का पुतला दहन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 24 दिसंबर।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में पावर हाउस स्थित अंबेडकर चौक पर बांग्लादेश के जिहादी तत्वों के विरोध में पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम दुर्ग जिला अध्यक्ष अमित मंगल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा राव, प्रदेश मंत्री मुकेश सोनकर, प्रदेश संगठन मंत्री राहुल, विभाग महामंत्री विजय मिश्रा, दुर्ग जिला मीडिया प्रभारी विजय कुमार उईके, जिला मंत्री मनोज साव, गणेश सोनी, हिंदू हेल्प लाइन अध्यक्ष निरंकार सिंह तथा दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों की कड़ी निंदा करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कठोर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज पर हो रहे हमलों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और संगठन सदैव हिंदू हितों की रक्षा के लिए तत्पर रहेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर राष्ट्र एवं समाज हित में संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

# निगम परिसर के शिविर में योजनाओं के 72 आवेदन मिले

**भिलाई, 24 दिसंबर।** भारत सरकार के निर्देशानुसार दिनांक 19 से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय परिसर में जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शुभारंभ महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, महापौर परिषद सदस्य एकांश बंछोर, जोन क्रमांक-5 अध्यक्ष भूपेन्द्र यादव, पार्षदगण तथा निगम के अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त दिनेश कोशरिया ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुशासन सप्ताह की शपथ दिलाई। शासन के आदेशानुसार एवं निगम



आयुक्त के मार्गदर्शन में 23 दिसंबर 2025 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान नागरिकों से विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित कुल 72 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों में–प्रधानमंत्री आवास योजना के 11 आवेदन, राष्ट्रीय पेंशन योजना के 2 आवेदन, राशन कार्ड के 3 आवेदन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के 4 आवेदन, सड़क एवं नाली निर्माण के 8 आवेदन, पेयजल विस्तार के 7 आवेदन, स्ट्रीट लाइट, उज्ज्वला योजना, हेल्प डेस्क, अनुज्ञप्ति लाइसेंस, नामांतरण, फ्री-होल्ड/लीज-होल्ड एवं अन्य योजनाओं के 29 आवेदन शामिल हैं। इसके अतिरिक्त वाहन चालकों की सुविधा हेतु परिवहन विभाग द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित स्टॉल भी लगाया गया। शिविर में उपस्थित नागरिकों ने अपनी आवश्यकतानुसार विभिन्न योजना काउंटरों पर जाकर जानकारी प्राप्त की एवं आवेदन जमा किए। निगम आयुक्त के निर्देशानुसार शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का शीघ्र निराकरण संबंधित विभागों द्वारा किया जाएगा।

# बदली कुनकुरी की तस्वीर

## विकास की लिखी गई नई इबारत

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन के दो वर्षों के दौरान विकास की नई गति देखने को मिल रही है। इसी क्रम में जशपुर जिले के कुनकुरी नगर पंचायत क्षेत्र को 107 करोड़ 32 लाख रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की स्वीकृति देकर मुख्यमंत्री ने नगर को ऐतिहासिक सौगात दी है। इन योजनाओं से कुनकुरी नगर की आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, पर्यटन, यातायात और नागरिक सुविधाओं में व्यापक और दीर्घकालिक सुधार होगा।

कुनकुरी नगर में युवाओं को आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 63 करोड़ 84 लाख रुपये की लागत से इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण को मंजूरी दी गई है। यह कॉम्प्लेक्स क्षेत्रीय युवाओं की खेल प्रतिभा को निखारने में मील का पत्थर साबित होगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने नगर पंचायत क्षेत्र में 53 विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ रुपये की स्वीकृति देकर जनता से किए गए अपने वादे को पूरा किया है। इन कार्यों से नगर के विभिन्न वार्डों और मोहल्लों में बुनियादी सुविधाएं सुदृढ़ होंगी और नागरिक सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार आएगा।




स्वास्थ्य के क्षेत्र में कुनकुरी को बड़ी सौगात देते हुए 2 करोड़ 62 लाख रुपये की लागत से नेचुरोपैथी भवन निर्माण को मंजूरी दी गई है। इससे प्राकृतिक चिकित्सा, आयुर्वेद और योग को बढ़ावा मिलेगा तथा नागरिकों को बेहतर वैकल्पिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी।

पर्यटन और धार्मिक आस्था को सशक्त करने के लिए छठ घाट के समग्र विकास हेतु 5 करोड़ 17 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। घाट के सौंदर्यीकरण और विकास से स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और आर्थिक गतिविधियों मंक वृद्धि होगी।

कुनकुरी नगर में सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए 6 करोड़ 67 लाख रुपये की लागत से आधुनिक बहुउद्देशीय ऑडिटोरियम भवन का निर्माण किया जाएगा, जिससे कला, संस्कृति और सामाजिक आयोजनों को नया मंच मिलेगा। शिक्षा के क्षेत्र में मजबूती लाने के उद्देश्य से नालंदा परिसर के 250 सीटर विस्तार के लिए 4 करोड़ 37 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्राप्त होगा।

नगर के यातायात को सुव्यवस्थित और सुविधाजनक बनाने के लिए 7 करोड़ 26 लाख रुपये की लागत से हाई-टेक बस स्टैंड के निर्माण को मंजूरी मिली है, जिससे यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी और यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी। इसके साथ ही नगर में बच्चों के मनोरंजन और सुरक्षित खेल के लिए 1 करोड़ 2 लाख रुपये की लागत से रिक्रिएशन चिल्ड्रन पार्क का निर्माण किया जाएगा। वहीं 6 करोड़ रुपये की राशि से वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक एलईडी स्ट्रीट लाइट एवं अन्य विकास कार्य किए जाएंगे, जिससे नगर में बेहतर प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

इन सभी योजनाओं के माध्यम से कुनकुरी नगर तेजी से स्मार्ट सुविधाओं, बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं, सशक्त शिक्षा, आधुनिक यातायात और समृद्ध सांस्कृतिक गतिविधियों से युक्त एक आदर्श नगर के रूप में उभर रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन में कुनकुरी नगर विकास, विश्वास और भविष्य की नई मिसाल बनता जा रहा है। नगरवासियों ने इन ऐतिहासिक विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री श्री साय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## बरसात में मार्ग अवरुद्ध होने की समस्या से मिलेगी स्थायी राहत




मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन के दो वर्षों के भीतर छत्तीसगढ़ में आधारभूत ढांचे को सशक्त करने की दिशा में लगातार ऐतिहासिक निर्णय लिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जशपुर जिले को बड़ी सौगात देते हुए बरसात के मौसम में मार्ग अवरुद्ध होने और गांवों का संपर्क टूटने की वर्षों पुरानी समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। प्रदेश सरकार ने जशपुर जिले में 22 उच्चस्तरीय पुलों के निर्माण के लिए 109 करोड़ 09 लाख रुपये तथा 215 छोटे पुल-पुलिया निर्माण के लिए 20 करोड़ 93 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। इन निर्माण कार्यों से जिले के ग्रामीण, वनांचल एवं दूरस्थ क्षेत्रों में वर्षभर निर्बाध आवागमन सुनिश्चित होगा और आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की स्वीकृति से जिले के प्रमुख मार्गों पर उच्चस्तरीय पुलों का निर्माण किया जाएगा, जिनमें केराकोना-बैगाटोली, चलनी-परसाडीपा, अलोरी-मतलोगा, जशपुर-सन्ना, जशपुर नगर मुख्य मार्ग, बगीचा-आरा, बगीचा-रेंगले, कलीबा-टांगरबहार, बांसापतरा-दुलदुला, गुलझरिया-बम्हनी, कुनकुरी-रनपुर, भालुमुंडा-खजूरखाट, बोडाझापर-चटकपुर, धौरासांड-दाइजबहार, डुमरबहार-तमता, घुघरी-ढोढरअम्बा, कोतबा-लवाकेरा सहित दुलदुला क्षेत्र के विभिन्न मार्ग शामिल हैं। इन पुलों के निर्माण से नदी-नालों पर निर्भर मार्गों में वर्षभर सुगम और सुरक्षित आवागमन संभव हो सकेगा।इसके साथ ही प्रदेश सरकार ने गांव-टोला और पारा को मुख्य मार्गों से जोड़ने के उद्देश्य से जिले में 215 छोटे पुल-पुलिया निर्माण को भी स्वीकृति दी है। इन कार्यों पर 20 करोड़ 93 लाख रुपये की लागत आएगी। इससे किसानों, विद्यार्थियों, मरीजों और आम नागरिकों को खेतों, बाजारों, स्कूलों, अस्पतालों और पंचायत मुख्यालयों तक हर मौसम में आसान पहुंच मिलेगी। अब तक बरसात के दिनों में कई क्षेत्रों में पुल-पुलिया के अभाव में संपर्क पूरी तरह टूट जाता था, जिससे आवागमन जोखिमपूर्ण हो जाता था। नए पुलों और पुलियों के निर्माण से न केवल जान-माल की सुरक्षा बढ़ेगी, बल्कि व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को भी नई गति मिलेगी। साथ ही दूरी और समय की बचत से आमजन को सीधा लाभ प्राप्त होगा। जशपुर जिले को मिली इस ऐतिहासिक सौगात पर क्षेत्रवासियों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। लोगों का कहना है कि दो वर्षों के सुशासन के परिणाम अब जमीन पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं और सड़कों-पुलों के माध्यम से जशपुर जिला विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है।



# साय सरकार के दो वर्ष

# दावे,धरातल और दिशा




## नक्सल प्रभावित क्षेत्र : सुरक्षा, विकास और भरोसा

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था की चुनौती और भी जटिल रही है। साय सरकार ने यहाँ सुरक्षा और विकास—दोनों को साथ लेकर चलने की नीति अपनाई है। सुरक्षा बलों की प्रभावी तैनाती, बेहतर समन्वय और खुफिया तंत्र को मजबूत करने से कई इलाकों में स्थिति में सुधार के संकेत मिले हैं। इस दौरान कुछ शीर्ष नक्सली नेताओं के मारे जाने और कई प्रभावशाली कैडरों के आत्मसमर्पण ने संगठन की कमर तोड़ने का स्पष्ट संदेश दिया है।

साथ ही सड़क, संचार, स्वास्थ्य सेवाओं और प्रशासनिक पहुँच बढ़ाने के प्रयास किए गए हैं, ताकि सरकार की उपस्थिति अंतिम छोर तक महसूस हो। फिर भी यह समझना आवश्यक है कि नक्सल समस्या केवल कानून-व्यवस्था का प्रश्न नहीं, बल्कि गहरे सामाजिक-आर्थिक असंतोष से भी जुड़ा हुआ है। स्थायी समाधान शिक्षा, रोजगार और स्थानीय समुदाय के विश्वास के बिना संभव नहीं है।

## सड़क दुर्घटनाएं : एक अनदेखी आपदा

छत्तीसगढ़ में रोज़ाना हो रही सड़क दुर्घटनाएँ एक गंभीर सामाजिक समस्या का रूप ले चुकी हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों से लेकर जिला और ग्रामीण सड़कों तक, दुर्घटनाओं में हो रही मौतें और गंभीर चोटें कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक संवेदनशीलता—दोनों पर सवाल खड़े करती हैं।

साय सरकार के दो वर्षों में इस दिशा में कोई व्यापक और ठोस रोड-सेफ्टी नीति स्पष्ट रूप से सामने नहीं आई है। सड़क इंजीनियरिंग, ट्रैफिक नियंत्रण, प्रवर्तन, आपात चिकित्सा सेवाएँ और जन-जागरूकता—इन सभी पर एकीकृत दृष्टिकोण की आवश्यकता है। यदि इस चुनौती को गंभीरता से नहीं लिया गया, तो यह सरकार की सबसे बड़ी चूकों में गिनी जाएगी।

## कानून-व्यवस्था और साइबर अपराधः बढ़ती चिंता

कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर तस्वीर मिश्रित है। एक ओर प्रशासनिक सख्ती और पुलिस की सक्रियता के संकेत मिलते हैं, वहीं दूसरी ओर हत्याओं, लूटपाट और अन्य आपराधिक घटनाओं में बढ़ोतरी को लेकर चिंताएँ भी सामने आई हैं। शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में अपराध आम नागरिकों की सुरक्षा भावना को प्रभावित करते हैं।

इसके साथ ही साइबर अपराध एक नई और गंभीर चुनौती के रूप में उभरा है। ऑनलाइन ठगी और डिजिटल धोखाधड़ी के मामलों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि साइबर सुरक्षा को अब कानून-व्यवस्था के केंद्र में लाना होगा।

## सौर ऊर्जा और हरित विकासः इरादे स्पष्ट, अमल की कसौटी

साय सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा को लेकर अपनी मंशा स्पष्ट की है। सौर रूफटॉप योजना के तहत केंद्र सरकार की सहायता के अलावा राज्य स्तर पर अतिरिक्त सब्सिडी देने का निर्णय इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य घरेलू उपभोक्ताओं, संस्थानों और छोटे व्यवसायों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। सरकार की यह घोषणा कि छत्तीसगढ़ को 'ग्रीन पावर हब' के रूप में विकसित किया जाएगा, राज्य की ऊर्जा नीति को दीर्घकालीन दृष्टि देने का संकेत देती है।

राज्य की भौगोलिक परिस्थितियाँ और उपलब्ध भूमि सौर ऊर्जा विस्तार के लिए अनुकूल हैं। यदि रूफटॉप सोलर, सोलर पार्क और कृषि से जुड़े सौर उपयोग को समन्वित ढंग से आगे बढ़ाया गया, तो इससे ऊर्जा सुरक्षा के साथ-साथ स्थानीय रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो सकते हैं। साथ ही यह कदम पर्यावरण संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन में कमी की दिशा में भी महत्वपूर्ण होगा।

हालाँकि, धरातल पर सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि सब्सिडी का लाभ कितनी तेजी और पारदर्शिता से आम नागरिक तक पहुँचता है। तकनीकी सहायता, ग्रिड कनेक्टिविटी और रखरखाव जैसी व्यावहारिक चुनौतियों का समाधान किए बिना 'ग्रीन पावर हब' का लक्ष्य केवल नारा बनकर रह सकता है। आने वाले वर्षों में साय सरकार की परीक्षा इसी बात में होगी कि वह इन योजनाओं को घोषणा से आगे बढ़ाकर व्यापक जन-आंदोलन में बदल पाए।

## संवाद और राजनीतिक संयम

साय सरकार की कार्यशैली में संयम और संवाद का तत्व अपेक्षाकृत मजबूत रहा है। टकराव की राजनीति से हटकर मुद्दों पर बात करने का प्रयास दिखाई देता है। यदि पारदर्शिता और जवाबदेही को और मजबूती दी गई, तो यह राज्य की लोकतांत्रिक संस्कृति के लिए सकारात्मक संकेत होगा।

## निष्कर्षः तीसरे वर्ष की असली परीक्षा

दो वर्षों में साय सरकार ने दिशा तय की है, लेकिन धरातल पर परिणामों को लेकर जनता की अपेक्षाएँ अब और तेज होंगी। तीसरा वर्ष सरकार के लिए निर्णायक होगा—जहाँ दावों की कसौटी वास्तविक परिणामों से होगी। यदि विकास, कानून-व्यवस्था और सामाजिक न्याय के बीच संतुलन साधा गया, तो यह कार्यकाल छत्तीसगढ़ के लिए एक सार्थक मोड़ साबित हो सकता है।

## सत्ता परिवर्तन और जन-अपेक्षाएँ

दिसंबर 2023 में साय सरकार के गठन के साथ छत्तीसगढ़ की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत हुई। सत्ता परिवर्तन के साथ जनता की अपेक्षाएँ स्वाभाविक रूप से बढ़ीं—बेहतर शासन, मजबूत कानून-व्यवस्था और समावेशी विकास की उम्मीदें सामने थीं। दो वर्ष पूरे होने पर यह समय भावनात्मक समर्थन या विरोध से ऊपर उठकर यह देखने का है कि सरकार के दावे धरातल पर कितने उतरे और आगे की दिशा क्या संकेत देती है।

### प्रशासनिक स्थिरताः सरकार की पहली पहचान

साय सरकार की एक प्रमुख उपलब्धि प्रशासनिक स्थिरता रही है। सत्ता संभालते ही शासन की निरंतरता बनाए रखने और निर्णय प्रक्रिया को गति देने के प्रयास दिखाई दिए। लंबित फाइलों की समीक्षा, जिलों तक प्रशासनिक पकड़ मजबूत करना और फील्ड स्तर पर संवाद बढ़ाना इस दिशा में अहम कदम रहे। इससे यह संदेश गया कि सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि क्रियान्वयन पर भी जोर दे रही है।

## ग्रामीण और आदिवासी अंचलः प्राथमिकता या प्रक्रिया?

ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों को प्राथमिकता देना सरकार के प्रमुख दावों में शामिल रहा है। सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य और आवास जैसी बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर काम हुआ है। कई दूरस्थ इलाकों में प्रशासन की उपस्थिति बढ़ी, जिससे लंबे समय से उपेक्षित समाज में भरोसे की भावना बनी। हालांकि शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार अभी पूरी तरह नजर नहीं आता, जो सरकार के सामने अगली बड़ी चुनौती है।

## अर्थव्यवस्था, निवेश और रोजगार का सवाल

आर्थिक मोर्चे पर सरकार ने संतुलन साधने का प्रयास किया है। निवेश आकर्षित करने के लिए नीतिगत स्पष्टता और प्रक्रियागत सरलीकरण की बात सामने आई है। इससे औद्योगिक गतिविधियों के लिए सकारात्मक माहौल बना है। लेकिन रोजगार, विशेषकर युवाओं के लिए, अब भी सबसे बड़ा प्रश्न बना हुआ है। विकास की गति तभी सार्थक होगी जब उसका लाभ छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों तक समान रूप से पहुँचे।

(लेखकपूर्वकार्यकारीनिदेशक, स्टीलअथॉरिटीऑफ़इंडियालिमिटेड (सेल) तथाराष्ट्रीयऔरअंतरराष्ट्रीयपत्र-पत्रिकाओंमेंनियमितस्तंभकारहैं।)


## निकाय चुनाव में महायुति को मिली बड़ी सफलता

कई राज्यों में गठबंधन की राजनीति का बोलबाला है। ऐसे राज्य में महाराष्ट्र एक प्रमुख राज्य हैं। यहां कई दशकों से राजनीतिक दल आपस में गठबंधन बनाकर राजनीति करते हैं और चुनाव लड़ते हैं और चुनाव में सफलता भी प्राप्त करते हैं लेकिन किसी एक गठबंधन को निरंतर सफलता मिलती है तो यह साफ हो जाता है कि जनता किस गठबंधन पर भरोसा करती है। इसी के साथ हार के लिए विपक्ष जो विस चुनाव में गड़बड़ी को एक बड़ा कारण बता रहा था, वह भी झूठ साबित हो गया है तथा यह भी साफ हो गया है कि विपक्ष विधानसभा चुनाव में हारा था तो इस वजह से हारा था कि जनता ने उस पर भरोसा नहीं किया था। महाराष्ट्र में हाल ही में हुए निकाय चुनाव में भाजपा वाले गठबंधन को बड़ी सफलता मिली है और एमवीए पिछली बार की तरह बुरी तरह हार गया है। आंकड़ों के मुताबिक रविवार को जारी हुए 288 सीटों के परिणाम में महायुति को 215 सीटों पर जीत मिली है और एमवीए 50 सीट का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाया है। यही नहीं जनता ने ठाकरे बंधुओं के गठजोड़ को भी नकार दिया है। राज्य में 246 नगर परिषद व 42 नगर पंचायतों के अध्यक्ष व पार्षद पद के लिए चुनाव हुआ। इस चुनाव में भाजपा,शिवसेना शिंदे गुट,एनसीपी अजीत पवार गठबंधन महायुति को बंपर जीत मिली है, इसमें भाजपा को सर्वाधिक 129 सीटों,शिंदे गुट को 54 व अजीत पवार गुट को 40 जगह जीत मिली है। भाजपा फिर एक बार चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। वर्ष 2017 में जीती 94 नगरपंचायतों की तुलना में इस बार 129 नगर परिषदों में कुल 48 प्रतिशत भाजपा पार्षद चुनाव चिन्ह पर विजयी हुए हैं। यानी 288 में 129 भाजपा के पार्षदों सहित 215 नगर परिषदों में 75 प्रतिशत महायुति के उम्मीदवार अध्यक्ष चुने गए हैं। वहीं पार्षदों की संख्या की तुलना की जाए तो 2017 के 1602 के मुकाबले 2025 के चुनाव में 3325 सीट अकेले भाजपा ने जीती है तथा महायुति ने कुल 4133 सीटें यानी 62 प्रतिशत सीटें जीती हैं। इस जीत के बाद महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडऩवीस ने कहा है कि हमने विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ा और किसी राजनीतिक दल की आलोचना नहीं की और जनता ने हमारे शीर्ष नेतृत्व पीएम व राज्य नेतृत्व पर फिर भरोसा किया है। महाराष्ट्र की राजनीति में निकाय चुनाव में जीत से फिर एक बार भाजपा ने अपना महत्व साबित किया है और साफ कर दिया है कि महाराष्ट्र की जनता जनहित व राज्य हित के काम करने के लिए सबसे ज्यादा भाजपा पर भरोसा करती है और पीएम मोदी व देवेंद्र फडऩवीस की जोड़ी को सबसे ज्यादा महत्व देती है। मोदी ने जनता को भरोसा दिया था कि डबल इंजन की सरकार उनके हित में काम करेंगी और राज्य सरकार ने पीएम मोदी के नेतृत्व में ऐसा करके दिखाया है यही वजह है कि विधानसभा चुनाव के बाद निकाय चुनाव में भी महाराष्ट्र की जनता ने फिर एक बार भाजपा पर सबसे ज्यादा भरोसा किया है। इससे महागठबंधन की राजनीति में भाजपा को महत्व बढ़ गया है। अब यह साफ हो गया है कि भाजपा के साथ जो गठबंधन में रहेंगे उनको फायदा होगा और जो भाजपा के खिलाफ होंगे उनको नुकसान होगा। निकाय चुनाव के पहले महायुति में भी शिंदे गुट व अजीत पवार गुट अलग अलग चुनाव लडऩे के मूड में थे अगर ऐसा होता को जितनी सफलता मिली है उतनी सफलता नहीं मिलती। कई जगह महायुति के दल के लोग भी आपस में लड़े लेकिन ज्यादातर सीटों पर आपसी सहमति से चुनाव लडऩे का महायुति को फायदा हुआ है,वही एमवीए को मिलकर चुनाव नहीं लडऩे का नुकसान हुआ है। ठाकरे ब्रांड निकाय चुनाव में नहीं चला यानि जनता ने ठाकरे परिवार पर भरोसा न कर साबित कर दिया है कि वह असली शिवसेना शिंदे गुट को मानती है और असली एनसीपी अजीत पवार गुट को मानती है। इस चुनाव से साफ हो गया है कि महाराष्ट्र की राजनीति अब पूरी तरह बदल गई है। पहले जो राजनीतिक दल महाशक्ति माने जाते थे और कहा जाता था कि उनके सहयोग के बिना महाराष्ट्र में सरकार नहीं बन सकती आज महाराष्ट्र की राजनीति में उनकी कोई खास हैसियत नहीं रह गई है। ठाकरे परिवार व शरद पवार परिवार का जो दबदबा पहले हुआ करता था,उसे मोदी व शाह की जोड़ी ने निष्प्रभावी कर दिया है। कांग्रेस जो कभी महाराष्ट्र में चुनाव हारती नहीं थी अब चुनाव के बाद चुनाव हार रही है और कमजोर होती जा रही है ।यह राहुल गांधी की बड़ी विफलता है।


**पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की 101वीं जयंती पर विशेष आलेख**

# छत्तीसगढ़ में साकार होती अटल जी की कल्पना

**अशोक बजाज**



राष्ट्रनायक, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न श्रद्धेय अटलबिहारी वाजपेयी विलक्षण प्रतिभा के धनी थे । वे अपनी अनेकानेक खूबियों के कारण देश व दुनिया के सर्वप्रिय एवं सर्वमान्य नेता के रूप में स्थापित हुये । सही मायने में उन्होंने देश के लिए जीवन जिया तथा अपने जीवन का हर पल देश को समर्पित किया । वे बहुत ही ओजस्वी वक्ता थे तथा अपनी भाषण शैली से लोगों को मंत्रमुग्ध कर देते थे । संसद हो या जनसभा अपने प्रभावशाली भाषण से अमिट छाप छोड़ जाते थे । वे कुशल राजनेता के अलावा विद्वान कवि व साहित्यकार भी थे उनकी कविताओं में राष्ट्रप्रेम, संवेदना और दर्शन की झलक मिलती है । जनभावनाओं को भांपने की उनके पास अद्भुत क्षमता थी । वे जनता के हृदय की धड़कन को बखूबी समझते थे । उनकी कथनी व करनी में कोई अंतर नहीं होता था, वे जो कहते थे वही करते थे तथा जो करते थे वही कहते थे । उनकी इच्छा शक्ति बड़ी प्रबल थी तथा वादे के पक्के थे । 1 नवम्बर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना उनकी प्रबल इच्छा शक्ति का ही परिणाम है । उन्होंने 1998 में सप्रेशाला रायपुर के मैदान में जनता के नब्ज को टटोल कर वादा किया था कि यदि आप लोकसभा की 11 में से 11 सीटो में भाजपा को जितायेंगे तो मैं आपको छत्तीसगढ़ राज्य दूंगा। हालांकि चुनाव में भाजपा को 11 में से 8 सीटें ही मिली लेकिन केंद्र में भाजपा की सरकार पुनः बनी तथा अटल जी पुनः प्रधानमंत्री बन गए । प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी ने अपनी प्रतिज्ञा के अनुरूप छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के लिए पहले ही दिन से प्रक्रिया प्रारंभ कर दी । मध्यप्रदेश राज्य पुर्निर्माण विधेयक 2000 को 25 जुलाई 2000 को लोकसभा में पेश किया गया । इसी दिन दो अन्य राज्यों उत्तराखंड एवं झारखंड राज्य के विधेयक भी पेश हुए । 31 जुलाई 2000 को लोकसभा में और 9 अगस्त को राज्य सभा में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के प्रस्ताव पर मुहर लगी। 25 अगस्त को राष्ट्रपति के हस्ताक्षर हो गए । तत्पश्चात 4 सितंबर 2000 को भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन के बाद 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ देश के 26 वें राज्य के रूप में अस्तित्व में आया । इस प्रकार अटलजी की एक अटल-प्रतिज्ञा पूरी हुई । वास्तव में राज्य का गठन करना कोई हंसी खेल तो था नहीं। कई वर्षों से लोग आवाज उठा रहे थे । इसके लिए लोग



अनेक तरह से आंदोलन भी करते रहे लेकिन राज्य का निर्माण नहीं हो पाया था । यह तो अटलजी की दृढ इच्छा शक्ति का ही परिणाम है कि बिना खूनखराबे के राज्य का निर्माण हो गया । छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के पहले हम मध्यप्रदेश में थे । मध्यप्रदेश का निर्माण सन 1956 में 1 नवम्बर को ही हुआ था। हम 1 नवम्बर 1956 से 31 अक्टूबर 2000 तक यानी 44 वर्षो तक मध्यप्रदेश के निवासी थे तब हमारी राजधानी भोपाल थी । इसके पूर्व वर्तमान छत्तीसगढ़ का हिस्सा सेन्ट्रल प्रोविंस एंड बरार (सी.पी.एंड बरार) में था तब हमारी राजधानी नागपुर हुआ करती थी । इस प्रकार हमें पहले सी.पी.एंड बरार, तत्पश्चात मध्यप्रदेश और अब छत्तीसगढ़ के निवासी होने का गौरव प्राप्त हो रहा है । वर्तमान छत्तीसगढ़ में जिन लोगों का जन्म 1 नवम्बर 1956 को या इससे पूर्व हुआ है वे तीन राज्यों में रहने का सुख प्राप्त कर चुके हैं । परंतु छत्तीसगढ़ राज्य में रहने का अपना अलग ही सुख है । छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद माननीय अटलबिहारी वाजपेयी जी का सन 2001 में जब पहली बार छत्तीसगढ़ आगमन हुआ तब उनका छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता के रूप में जोशीला स्वागत हुआ था । वे छत्तीसगढ़ के लोगों को किए गये वादे को पूरा करके तथा अपनी प्रतिज्ञा को पूरा करके आये थे । अतः राज्य की जनता पलक पावड़े बिछाकर उनका इंतजार कर रही थी । उस दिन छत्तीसगढ़- वासियों को उसी प्रकार के आनंद की अनुभूति हो रही थी जिस प्रकार नये राज्य की स्थापना के समय 1 नवम्बर 2000 को हो रही थी । तमाम स्वागत, अभिनंदन, उमंग और उत्साह के बावजूद एक टीस तो उन्हें थी, अपने अंदाज में उन्होंने जनसभा में व्यक्त भी कर दिया । उन्होंने उस समय कहा था कि छत्तीसगढ़ की धरती को प्रकृति की अपार कृपा है, यह धरती जल सम्पदा, वन सम्पदा एवं खनिज सम्पदा से परिपूर्ण है, यहां की जनता मेहनतकश है । परन्तु इस राज्य को विकास के शिखर तक ले जाने के लिए एक प्रामाणिक सरकार की कमी है । अटल जी के इस कथन का प्रभाव यह हुआ कि 2003 में जब नव गठित छत्तीसगढ़ विधानसभा का पहला चुनाव हुआ तो भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट बहुमत मिला . डॉ. रमन सिंह प्रथम निर्वाचित सरकार के मुख्यमंत्री बने तथा लगातार 15 वर्षों तक भाजपा सरकार का नेतृत्व किया । इस दौरान छत्तीसगढ़ का तीव्र गति से विकास हुआ। अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवनस्तर को ऊपर उठाने का प्रयास हुआ । छत्तीसगढ़ अकाल व पलायन से मुक्त हुआ । किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण मिलने लगा। सरप्लस बिजली उत्पादन होने से किसानों को चौबीसों घंटे बिजली मिलने लगी, विद्युत पंपों के जाल बिछ गये । फलस्वरूप खेती लहलहाने लगी, उत्पादन दुगुना हो गया। शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हुआ। कुपोषण व अशिक्षा के खिलाफ संघर्ष तेज हुआ । सभी गांव बारामासी सड़कों से जुड़ गये । कुल मिलाकर छत्तीसगढ़ में विकास की बयार बहने लगी । गांवों, कस्बों एवं शहरों की तकदीर व तस्वीर बदल गई । वर्तमान में अत्यंत ही सरल, सहज व सुशासन के प्रतीक श्री विष्णुदेव साय के हाथ में प्रदेश की बागडोर है, जो विगत दो वर्षों से "मोदी की गारंटी" के तहत प्रदेश की खुशहाली के साथ साथ विकास की नई गाथा गढ़ रहें हैं । केंद्र से बेहतर तालमेल बनाकर बस्तर को तेजी से माओवादियों के आतंक से मुक्त किया जा रहा है । प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के निर्देश एवं केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में चल रहे नक्सली उन्मूलन अभियान को लगातार सफलता मिल रही है । शांति व विकास के मार्ग की सभी बाधाओं को लांघ कर बस्तर सहित समूचा छत्तीसगढ़ इन दिनों तेजी से उन्नति की ओर अग्रसर हो रहा है । मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने अटल जन्म शताब्दी वर्ष में सन् 2025 को "अटल स्मृति वर्ष" घोषित कर अटल जी की कल्पना को साकार करने का संकल्प लिया । फलस्वरूप छत्तीसगढ़ में सुशासन के साथ विकास की नई गाथा गढ़ी जा रही है । वास्तव में इन ढाई दशकों में भाजपा सरकारों के प्रयासों का नतीजा है कि छत्तीसगढ़ अब देश के विकसित राज्यों की श्रेणी में स्थापित हो चुका है । यह सब संभव हो पाया तो केवल इसीलिए कि माननीय अटलबिहारी वाजपेयी ने अपने संकल्प के अनुरूप एक झटके में छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की । श्रद्धेय अटल जी आज हमारे बीच नहीं है लेकिन उनकी स्मृतियां एवं खूबियां युगों युगों तक भारत की जनता के मानस पटल पर विद्यमान रहेंगे।

## सू- दोकू क्र. 267

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.266 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -267

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 266 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | | सि | वा | य | | कि |
| लि | | चा | ह | त | | म | म | ता |
| क | सू | र | | म | ग | न | | ब |
| | र | | | | द | | | |
| क | मा | न | | पा | र | स | | स |
| मी | | म | जा | ल | | न | क | ली |
| ना | दा | न | | ना | र | द | | का |
| | मि | | | | तीं | | | |
| सु | नी | ल | | अ | धी | र | | जी |

## राशिफल

मेष-मेष राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आपके ऊपर आज काम का अधिक दबाव रहेगा जिससे आप कार्यक्षेत्र में आज उलझ सकते है। कोई पुराना काम भी आज आपके ऊपर अचानक से आ सकता है। सरकारी क्षेत्र के काम में आज आपको कुछ उलझन और तनाव का सामना करना पड़ सकता है।

वृषभ - वृषभ राशि के जातको के लिए आज का दिन अच्छा है। आपको आज अपने काम में भाग्य सफल बनाएगा। आपको कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है जिससे आपका प्रभाव बढेगा। आप आज किसी मित्र अथवा सहकर्मी की मदद से कोई महत्वपूर्ण काम पूरा कर पाएंगे। आपको विदेशी क्षेत्र से लाभ मिल सकता है।

मिथुन-मिथुन राशि के जातकों के लिए आज मंगलवार का दिन शुभ मंगलकारी रहेगा। आपको आज भाग्य का पूरा सपोर्ट मिलेगा। आप अपने काम को बेहतर तरीके से मैनेज कर पाएंगे इसमें आपको साथी सहकर्मियों और कर्मचारियों से सहयोग मिलेगा। आर्थिक मामलों में आज का दिन लाभ के साथ खर्च का भी संयोग बना रहा है।

कर्क कर्क राशि के लोगों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आपका मन आज किसी वजह से उलझन और दुविधा में रहेगा। आपका कोई महत्वपूर्ण काम अटक सकता है जिसकी वजह से आपको मानसिक परेशानी हो सकती है। नौकरी मे आज किसी सहकर्मी की वजह से भी आपको उलझन मिलने की आशंका है।

सिंह सिंह राशि के लिए आज का दिन मंगलकारी रहने वाला है। आपको आज अपने कार्यक्षेत्र में अनुकूल स्थिति का लाभ मिलेगा। कोई पुरानी समस्या चल रही है तो उसका भी समाधान निकलेगा। सहकर्मियों के साथ ही साथ आज अधिकारियों से भी आपको सहयोग मिलेगा। कोई चाहत आपकी पूरी होगी।

कन्या कन्या राशि के जातको के लिए आज का दिन शुभ लाभदायक होगा। आपको कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ और अनुभवी लोगों से सहयोग मिलेगा। आपकी कार्ययोजना सफल होगी। वाणी और व्यवहार से आप आज कारोबार में लाभ प्राप्त कर पाएंगे। छात्र आज शिक्षा के प्रति सजग रहेंगे और किसी कोर्स में दाखिला लेने के लिए प्रयास कर रहे हैं तो सफल होंगे।

तुला तुला राशि के जातको के लिए आज का दिन कार्यक्षेत्र में सफलता दिलाने वाला रहेगा। आपको आज भाग्य कोई सरप्राइज भी दिला सकता है। आपके कार्यक्षेत्र मे आज कोई सकारात्मक बदलाव होगा। आप कुछ नया काम या नई योजना पर काम शुरू कर सकते हैं। जिन जातकों के काम का संबंध विदेश से है उनको आज कोई लाभ का मौका मिलेगा।

वृश्चिक वृश्चिक राशि के जातकों को आज अपने काम पर ध्यान देने की जरूरत है। मानसिक भटकाव की वजह से आज आपका काम प्रभावित हो सकता है। आपको आज वाणी पर भी संयम रखना होगा नहीं तो आपके करीबी लोग भी आपसे नाराज हो सकते है। अगर आप कार्यक्षेत्र में बदलाव के लिए प्रयास कर रहे हैं तो इसके लिए आज का दिन आपके पक्ष में नहीं है आतुरता की बजाय धैर्य से काम लें। बिजनेस में वैसे आज आपको लाभ मिलेगा। आपने धातु में निवेश किया है तो आज यहां आपके लिए लाभ की स्थिति रहेगी।

धनु धनु राशि के लिए आज मंगलवार का दिन मानसिक रूप से उलझन भरा रह सकता है। आपको विचारों के सागर में गोते लगाएंगे और आपको यह समझना मुश्किल होगा कि आप किस राह चलें। ऐसे में आज के दिन आपको अपने काम में स्थिरता और गंभीरता बनाए रखने की जरूरत होगी। नौकरी में आपको सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा।

मकर मकर राशि के लोगों के लिए आज मंगलवार का दिन चंद्रमा के गोचर से शुभ रहेगा। आपको आर्थिक मामलों में भाग्य का साथ मिलेगा। नौकर में आपको आज भाग्य सफलता प्रदान करेगा। जो लोग जल और तरल वस्तुओं के कारोबार से जुड़े हुए है उनकी कमाई बढ सकती है। कोई योजना आपकी सफल होगी जिससे आपका मन प्रसन्न हो जाएगा। आपको लोहा और तांबे के कारोबार से भी आपको फायदा होगा। पारिवारिक जीवन में आपके प्रेम और आपसी सामंजस्य बना रहेगा।

कुंभ कुंभ राशि के लोगों के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। आप चतुराई और कार्यकुशलता से लाभ प्राप्त कर पाएंगे। विरोधी सक्रिय रहेंगे लेकिन आपका अहित नहीं कर पाएंगे। आपको सरकारी काम में सफलता मिलेगी। कोर्ट कचहरी से जुड़ा आपका कोई मामला है तो इसमें भी आपको कामयाबी मिलेगी। सितारे बताते हैं कि आपका दिन आज खर्चीला रहेगा। तकनीकी विषयों में आपकी रुचि रहेगी और आप कोई नया काम भी शुरू कर सकते हैं। लव लाइफ के मामले में दिन आज रोमांटिक रहेगा।

मीन आज मंगलवार का दिन मीन राशि के लिए मंगलकारी रहेगा। आपको आज भाग्य कार्यक्षेत्र में सफलता प्रदान करेगा। कोई बड़ा मौका भी आपको आज मिल सकता है। अगर आप कार्यक्षेत्र मे बदलाव के लिए प्रयास कर रहे हैं तो आपको इसमें आज कामयाबी मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आज आपको टीम वर्क का फायदा मिलेगा। साथ ही आप अपने कुछ पेंडिंग काम को निपटा पाएंगे। आपकी रुचि आज गुप्त विद्याओं और दर्शनशास्त्र में रहने वाली है।

**साय सरकार के दो साल**

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर को दी ऐतिहासिक सिंचाई सौगात




मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने सुशासन के दो वर्षों के दौरान जशपुर जिले के कृषि एवं ग्रामीण विकास को नई दिशा देने की दिशा में एक और ऐतिहासिक निर्णय लिया है। जिले में किसानों को स्थायी सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 11 महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाओं के लिए कुल 199 करोड़ 49 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन योजनाओं के क्रियान्वयन से कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों की आय को स्थायी मजबूती मिलेगी। प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप जशपुर जिले में बैराज, एनीकट, तालाब एवं व्यपवर्तन योजनाओं के निर्माण, मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्यों को मंजूरी दी गई है। इन परियोजनाओं से जिले के हजारों किसानों को सीधा लाभ मिलेगा और वर्षा पर निर्भरता में उल्लेखनीय कमी आएगी।

जशपुर जिले को स्वीकृत प्रमुख सिंचाई योजनाओं में मैनी नदी, बगिया स्थित बैराज उद्वहन सिंचाई योजना के लिए 79 करोड़ 37 लाख रुपये, कुनकुरी ईब व्यपवर्तन योजना के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य हेतु 37 करोड़ 9 लाख रुपये, सहसपुर तालाब योजना के लिए 4 करोड़ 27 लाख रुपये तथा डुमरजोर (डुमरिया) व्यपवर्तन योजना हेतु 10 करोड़ 36 लाख रुपये की स्वीकृति शामिल है। इसी क्रम में तुबा एनीकट योजना के लिए 2 करोड़ 67 लाख रुपये, बारो एनीकट योजना हेतु 7 करोड़ 6 लाख रुपये, मेडरबहार तालाब योजना के लिए 5 करोड़ रुपये, पमशाला एनीकट योजना हेतु 28 करोड़ 2 लाख रुपये, कोनपारा तालाब (दलटोली डेम) के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार के लिए 3 करोड़ 47 लाख रुपये, अंकिरा तालाब योजना के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार हेतु 3 करोड़ 47 लाख रुपये तथा कोकिया व्यपवर्तन योजना के लिए 16 करोड़ 17 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। इन सिंचाई परियोजनाओं के पूर्ण होने से जिले के अनेक ग्रामों में खरीफ और रबी दोनों फसलों के लिए पर्याप्त जल उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इससे किसानों को खेती के लिए नियमित पानी मिलेगा, फसल उत्पादन बढ़ेगा और कृषि को स्थायी आजीविका का मजबूत आधार प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि राज्य सरकार किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए सिंचाई, कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में निरंतर प्रभावी कदम उठा रही है। जशपुर जिले को मिली ये सिंचाई सौगातें सुशासन, संवेदनशील प्रशासन और जनकल्याणकारी नीतियों का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। इन योजनाओं से जिले के किसानों के जीवन में खुशहाली आएगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

एक नजर

## युवा संवाद कार्यक्रम में युवाओं ने अपने विचार रखे



**दंतेवाड़ा 24 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दंतेवाड़ा में 23 दिसंबर को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा युवा साथियों से संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नव-नियुक्त युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राहुल असरानी का महामंत्री निखिल नाग के नेतृत्व में युवा मोर्चा के पदाधिकारी व युवा साथियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं आतिशबाजी के साथ आत्मीय स्वागत किया । कार्यक्रम में दंतेवाड़ा नगर के अनेक युवा साथियों की उत्साहपूर्वक सहभागिता दिखी । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राहुल असरानी ने पार्टी की विचारधारा, संगठन की वर्तमान गतिविधियों तथा संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए युवाओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा करते हुए युवाओं से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। इस दौरान युवाओं ने अपने विचार, सुझाव रखे और संगठनात्मक कार्यों में पूरी निष्ठा व सक्रियता से जुड़ने का संकल्प लिया। इसके पश्चात भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष दंतेवाड़ा जय भंसाली ने भी युवा साथियों को संबोधित किया। उन्होंने पार्टी की विभिन्न गतिविधियों, जनहितकारी योजनाओं तथा संगठनात्मक मजबूती के लिए निरंतर कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन नए आयाम स्थापित करेगा। इस दौरान साजन सिंह,युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वीरेश मिश्रा, भावना परघनिया,पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भूपेंद्र निर्मलकर,जिला मंत्री राजतिलक यादव,पार्षद चन्दन ध्रुव,सूरज ठाकुर,वेणु नेताम, सुमित ओयमी, चंद्रकांत स्वाई, बृजेश राणा, आर्यन शर्मा, बालाकृष्ण, दीपेश पटेल, नैतिक ठाकुर, हर्ष प्रधान, रवि पोयम, नवनीत नाग, तुषार भगत, बिट्टू मरकाम, अंकित साहू, विशेष सिंह, कमल ठाकुर,हर्ष गुप्ता, आयुष पटेल, शिव प्रताप,अनीश जार्ज,तरुण कर्मा, तुषार मंडल, शिवेंद्र पटेल, सौम्या पटेल, राजकुमार, गौरव ध्रुव,भूपेंद्र ठाकुर,हितेश भास्कर, पंकज ईरी, नितेश अधिकारी एवं राजेंद्र सिंह ठाकुर,राहुल सोनवानी,यशवंत शर्मा सहित अनेक युवा साथी उपस्थित रहे।

## ग्लोबल जर्नलिस्ट मीडिया संघ ने गरीबों को कंबल वितरण किया



**भाटापारा 24 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शीतकालीन ठंड के दौरान निर्धन, गरीब एवं असहाय लोगों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से ग्लोबल जर्नलिस्ट मीडिया संघ, भाटापारा के तत्वावधान में कंबल वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत रेलवे स्टेशन, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड तथा पटपर चौक के आसपास बैठे जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए, जिससे उन्हें ठंड से राहत मिल सके। कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी की मुस्कान देखने को मिली और उन्होंने आयोजकों को दिल से दुआएं दीं। इस अवसर पर प्रकाश मोदी,एसडीओपी तारेस साहू, रविंद्र गिन्नौरे, हरिश चौबे, सत्यनारायण पटेल, रमेश पांडे ,रामनारायण यादव अजय कुमार ,शंकर सोनी, दीपेंद्र शुक्ला , श्याम सुंदर पुरोहित, ललित तिवारी, सौरभ बरवाड़, शत्रुघ्न सोनवानी, जुगल किशोर तिवारी, सिमगा से राकेश श्रीवास, नितेश रिंकू लाल, संजू जैन, रविंद्र सोनी, दसोदी सिंह पैकरा, यशोदा साहू, दीपा दशरथ साहू, ललित सिंह ठाकुर, बिहारी लाल अग्रवाल, कल्याण सिंह ठाकुर, भंवर सिंह साहू सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। अंत में ग्लोबल जर्नलिस्ट मीडिया संघ, भाटापारा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# विदेशी पर्यटकों को भी भायी बारनवापारा अभयारण्य की खूबसूरती

- यूरोपीय देश लातविया से मीलों दूर सुकून की तलाश में पहुंची अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक, यहाँ की नैसर्गिक सुंदरता देख हुई मंत्र मुग्ध
- वन विभाग के प्रयासों से अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र पर बन रही बारनवापारा की पहचान

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाज़ार, 24 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के वनों की खूबसूरती और जैव विविधता निराली है जिसके आकर्षण से विदेशी पर्यटक भी अछूते नहीं हैं। विगत दिनों यूरोप के लातविया से सुश्री बाइबा कालनीना बलौदाबाज़ार जिले में स्थित बारनवापारा-अभयारण्य पहुंची । सुश्री बाईबा ने यहां प्रकृति के बीच कुछ शांति के पल बिताए। उन्होंने यहाँ वन्यजीवों को नज़दीक से देखा। अभयारण्य में उन्होंने भालू, गौर, कृष्णमृग, सांभर, स्पॉटेड डियर देखे जो अपने प्राकृतिक आवास में बेधड़क विचरण कर रहे थे।सुश्री बाईबा यहाँ के प्राकृतिक सुंदरता, वातावरण, फ्लोरा फ़ैना और वन्यजीवों और प्रबंधन की सराहना की।

उल्लेखनीय है कि वन विभाग द्वारा बारनवापारा अभयारण्य में सुरक्षित एवं सतत इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। यहाँ स्थानीय समुदायों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए पर्यटन, संरक्षण एवं आजीविका तीनों के बीच संतुलन पर विशेष जोर दिया जा रहा है।राज्य शासन और वन विभाग के प्रयासों से प्रदेश के राष्ट्रीय उद्यानों और अभयारण्यों में पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। अभ्यारण्य में तेंदुआ, भालू, गौर, कृष्णमृग, सांभर, जंगली सूअर सहित अनेक प्रमुख वन्यजीवों को प्राकृतिक आवास में देखने का अवसर मिलता है। साथ ही यहां 200 से अधिक प्रजातियों की पक्षियों की उपस्थिति प्रकृति प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण है। छत्तीसगढ़ का प्रमुख वन्यजीव अभयारण्य बारनवापारा, जो 1 नवम्बर 2025 से पुनः पर्यटकों के लिए खोला गया है, अब पर्यटकों की पहली पसंद बनता जा रहा है। अपनी समृद्ध जैव विविधता, मनमोहक प्राकृतिक वातावरण और रोमांचकारी सफ़ारी अनुभव के कारण यह अभयारण्य पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर रहा है। पर्यटकों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस वर्ष सफ़ारी व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ किया गया है। अभ्यारण्य में प्रवेश हेतु तीन मुख्य गेट – रवान, पकरीद और बरबसपुर से सफ़ारी सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही विशेष लेपर्ड सफ़ारी जोन भी तैयार किया गया है, जहाँ तेंदुआ दर्शन की संभावनाएँ अत्यधिक हैं और यह जोन पर्यटकों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

पुलिस प्रशासन अलर्ट, शांति व्यवस्था बनाए रखने पेट्रोलिंग जारी रही

# धर्मांतरण के विरोध में हिंदू संगठनों के आह्वान पर नगरी पूरी तरह बंद रही





तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 24 दिसंबर।** धर्मांतरण के विरोध में हिंदू संगठनों द्वारा किए गए आह्वान पर सोमवार को नगरी नगर पूरी तरह बंद रहा। बंद का असर सुबह से ही देखने को मिला। नगर के अधिकांश दुकानें, व्यापारिक प्रतिष्ठान, बाजार और निजी संस्थान स्वेच्छा से बंद रहे। सड़कों पर सामान्य दिनों की तुलना में आवाजाही काफी कम रही।

हिंदू संगठनों ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ में जबरन और प्रलोभन देकर धर्मांतरण की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिसके विरोध में यह बंद बुलाया गया था। संगठनों ने प्रशासन से इस पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

बंद को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहा। नगरी थाना प्रभारी चक्रधर बाघ अपने पुलिस स्टाफ के साथ नगर के प्रमुख चौक-चौराहों, संवेदनशील इलाकों और बाजार क्षेत्रों में लगातार पेट्रोलिंग करते नजर आए। पुलिस बल द्वारा हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही थी ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। थाना प्रभारी चक्रधर बाघ ने बताया कि नगर में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सभी समुदायों से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है। पुलिस द्वारा लगातार गश्त की जा रही है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। बंद के दौरान कहीं से भी किसी प्रकार की हिंसा या तोड़फोड़ की सूचना नहीं मिली। नगर में शांति का माहौल बना रहा। आवश्यक सेवाएं सामान्य रूप से चालू रहीं।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार से कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं स्थानीय नागरिकों ने भी शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने में सहयोग किया।

## किरंदुल परियोजना " प्लेटिनम अवार्ड " से सम्मानित




**किरंदुल 24 दिसंबर।** 23 दिसंबर 2025 को एनएमडीसी लिमिटेड, बैलाडीला आयरन ओर माइन किरंदुल कॉम्प्लेक्स को Honourz E&cellence Awards, नई दिल्ली द्वारा आयोजित भव्य समारोह में "Honourz Environment E&cellence Award 2025" मेटल और माइनिंग सेक्टर के अंतर्गत "प्लेटिनम अवार्ड" से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही प्रतिष्ठित पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पर सम्मेलन (श्व॥स्) भी आयोजित किया गया। यह अवार्ड किरंदुल परियोजना प्रमुख श्री रवीन्द्र नारायण, अधिशासी निदेशक और श्री अवनीश शर्मा, उप महाप्रबंधक (पर्यावरण) द्वारा श्री एबी शिवाने, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) PVSM, AVSM, VSM, पूर्व निदेशक, जनरल मैकेनाइज्ड फोर्सेस और स्ट्राइक कॉर्प्स कमांडर, भारतीय सेना के करकमलों से प्राप्त किया।

इस पुरस्कार के माध्यम से एनएमडीसी लिमिटेड की पर्यावरण संरक्षण और सुधार में उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता दी गई, जो विभिन्न परियोजनाओं और पहलों के जरिए प्राप्त की गई है। यह सम्मान एनएमडीसी लिमिटेड की सतत खनन प्रथाओं और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है और खनन क्षेत्र में पर्यावरण के अनुकूल संचालन और सामाजिक जिम्मेदारी के लिए संगठन के निरंतर प्रयासों को उजागर करता है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए परियोजना प्रमुख ने सभी को बधाई दी।

## जनकल्याण व प्रशासनिक नवाचारों के लिए बस्तर में बहुत संभावना:कमिश्नर

**जगदलपुर, 24 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** केंद्र सरकार के निर्देशानुसार 20 से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य जनता की शिकायतों का निवारण और निपटान करना और ग्रामीण स्तर तक सेवा वितरण में सुधार करना है ।नागरिक केंद्रित होने के उद्देश्य से प्रशासन गाँव की ओर नामक अभियान के तहत जिले में सभी पंचायतों में शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इसी के अंतर्गत सुशासन सप्ताह के उपलक्ष्य में मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप कमिश्नर श्री डोमन सिंह शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जन-कल्याण और प्रशासनिक नवाचारों के लिए बस्तर जैसे क्षेत्र में बहुत है संभावना, सफल नवाचार प्रदेश के लिए मिसाल बनेंगे। इसलिए सभी विभाग को शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ ही जनकल्याण के लिए नवाचार करने की पहल कर कलेक्टर को जरूर अवगत कराए । कमिश्नर ने जिला प्रशासन के नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि आवास योजना के तहत घर-घर जावाँ घर बनावाँ और प्रशासनिक दृष्टिकोण से बनाएं गए आमचो बस्तर पोर्टल जैसे नवाचार से आम जन को होगा फायदा होगा।

कलेक्टर श्री हरिस एस ने जिले में चल रहे विकास कार्यों, योजनाओं के क्रियान्वयन में अन्य नवाचारों की प्रगति की भी जानकारी दी। कार्यशाला में जिला पंचायत सीईओ श्री प्रतीक जैन ने पीपीटी के माध्यम से जिले में विकास कार्यों को गति देने के लिए किए प्रयासों की जानकारी दी। बैठक में पूर्व के प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण के साथ-साथ वर्तमान में चल रहे शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी भी दी गई। कमिश्नर ने जिले में प्लास्टिक से बने रोड के निर्माण स्थलों पर सूचना बोर्ड लगाकर आम जनता को जानकारी देने के निर्देश दिए गए, ताकि लोग विकास के इन नए आयामों से परिचित हो सकें। ग्रामीण विकास और पंचायत विभाग के पीएम आवास योजना में आवास निर्माण की प्रगति देने के लिए प्रशासन द्वारा संचालित घर-घर जावाँ, घर बनावाँ अभियान की पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में मकान बनाने में आ रही दिक्कतों का निराकरण करवाकर गति प्रदान करने पर चर्चा की गई।

# समग्र बस्तर शोधार्थियों व बस्तर को जानने के लिए बहुपयोगी: शशांक शर्मा




**जगदलपुर, 24 दिसंबर।** समग्र बस्तर सरस्वती बुक्स से प्रकाशित एवं जगदलपुर के वरिष्ठ साहित्यकार रुद्र नारायण पाणिग्रही द्वारा लिखित पुस्तक 'समग्र बस्तर' का विमोचन डॉ रमन सिंह ने रायपुर में किया था, यह पुस्तक पांच भागों में प्रकाशित है द्य 23 अगस्त को स्थानीय वीर सावरकर भवन में बस्तर साहित्य सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें, छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा (राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त) इस कार्यक्रम में उपस्थित थे, बस्तर साहित्य सम्मेलन के अवसर पर स्थानीय वरिष्ठ साहित्यकार रूद्र नारायण पाणिग्रही में उन्हें अपनी नवीन कृति समग्र बस्तर पांच भागों में भेंट किया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा ने कहा कि मैं रूद्र नारायण पाणिग्राही को व्यक्तिगत रूप से जानता हूं, वे पिछले तीन साल से इस विषय पर काम कर रहे थे, आज उन्हें सफलता मिली, उन्हें मैं इस कार्य के लिये बधाई देता हूं द्य समग्र बस्तर पुस्तक वास्तव में बस्तर की समग्रता लिए हुए है, यह पुस्तक बस्तर को जानने समझने वालों के लिए तथा शोधार्थियों के लिए भी महत्वपूर्ण होगी द्य वरिष्ठ साहित्यकार रूद्र नारायण ने जानकारी दी की पांच-पांच सौ पेज की पांच वॉल्यूम में प्रकाशित इस पुस्तक में बस्तर की इतिहास, कला, पुरातत्व, राजवंश, पर्यटन, पर्व, संस्कृति, बोली-भाषा व्याकरण, शब्दकोश आदि विषयों को समाहित किया गया है द्य इस दौरान बस्तर के वरिष्ठ साहित्यकार सुभाष पांडे, हिमांशु शेखर झा, डॉ. योगेंद्र मोतीवाला, जगदीश चंद्र दास, प्रो. एम अली, उर्मिला आचार्य, सुषमा झा, मदन आचार्य, नरेंद्र पाढ़ी, शिव कुमार पांडे, दादा जोकाल, विक्रम कुमार सोनी, डॉ, सुनील श्रीवास्तव, आदि उपस्थित थे।

## जिला संगठन प्रभारी शिवनारायण पांडेय के दंतेवाड़ा आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**दंतेवाड़ा 24 दिसंबर।** दन्तेवाड़ा जिले के जिला संगठन नियुक्त किये जाने के पश्चात प्रथम नगर आगमन पर शिव नारायण पांडेय ने दन्तेवाड़ा पहुंचकर बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के दर्शन कर पूजा अर्चना की और समस्त जिले वासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।भाजपा जिला पदाधिकारी एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने उनका पुष्पगुच्छ भेट कर आतिशबाजी के साथ आत्मीय स्वागत किया।तत्पश्चात भाजपा जिला कार्यालय चितालंका में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें श्री पांडेय ने समस्त जिले के कार्यकर्ताओं से भेंट की।इस अवसर पर मुख्य रूप से दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी,भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता उपस्थित रहे 7 कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री मुन्ना मरकाम ने किया 7 कार्यकर्ताओ को संबोधित कर शिवनारायण पांडेय ने आगामी कार्यक्रमों व संगठनात्मक विषयों पर चर्चा किया 7 कार्यक्रम में श्री कुमार भदौरिया,पूर्व जिला अध्यक्ष नविन विश्वकर्मा,अभिमन्यु सोनी,जिला महामंत्री सत्यजीत चौहान,भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा,पिंटू उइके जी,कमला विनय नाग,सत्यनारायण महापात्र,दुर्गा सिंह चौहान,जिला पंचायत अध्यक्ष नन्दलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम,जनपद अध्यक्ष सुनीता भास्कर,शकुंतला भास्कर, जिला कोषाध्यक्ष मनीष सुराना, भाजपा जिला प्रवक्ता दीपक बाजपेई,जिला मंत्री भुवनेश्वर भारद्वाज,राजमन ठाकुर,लता मरकाम,ममता गुप्ता,अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश मंत्री रामु नेताम, युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री कुणाल ठाकुर,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पायल गुप्ता,सुभद्रा नेगी,जनपद उपाध्यक्ष दिनेश कौशल,उषा किरण पात्रे,पिसे वट्टी,सोमडू कोर्राम,श्रवण कड़ती,चन्दन ध्रुव,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राहुल असरानी,मंडल अध्यक्ष जय भंसाली,अमलेंदु चक्रवर्ती,विजय सोढ़ी,लक्ष्मीनाथ टेकाम,बैसू मंडावी,सुधराम भास्कर, एवं जिले में निवासरत प्रदेश पदाधिकारी,प्रदेश मोर्चा पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी मण्डल पदाधिकारी,मण्डल प्रभारी मोर्चाओ के पदाधिकारी समस्त कार्यसमिति सदस्य प्रकोष्ठों के संयोजक, सह संयोजक व पार्षदगण, सरपंचगण शक्तिकेंद्र के प्रभारी संयोजक सह संयोजक बूथ अध्यक्ष/सचिव/क्क्ह 2 एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गौण खनिज के अवैध परिवहन पर पोकलेन मशीन सहित 10 वाहन जब्त

**जगदलपुर 24 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर जिले में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन पर पूरी तरह रोक लगाने के उद्देश्य से कलेक्टर हरिस एस के कड़े निर्देशों के परिपालन में खनिज विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई की। खनिज अधिकारी शिखर चेरपा के मार्गदर्शन में विभागीय जांच दल ने विगत 18 एवं 20 दिसंबर 2025 को जिले के गढ़िया, सोनारपाल, जगदलपुर और टिकरा लोहंगा क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किया। इस सघन जांच अभियान के दौरान खनिज विभाग ने अवैध रूप से गौण खनिज रेत और मुरम का परिवहन और उत्खनन करते हुए 10 वाहनों को रंगे हाथों पकड़ा है। विभाग द्वारा की गई इस कार्रवाई में सबसे महत्वपूर्ण जब्ती मुरम के अवैध उत्खनन में संलिप्त एक पोकलेन मशीन और एक टिप्पर को जब्त किया गया है।

शीतकालीन अवकाश में मांई दंतेश्वरी मंदिर में प्रतिदिन पहुंच रहे बड़ी संख्या में श्रद्धालु

# दंतेवाड़ा के पर्यटन स्थलों में उमड़ रही है सैलानियों की भारी भीड़

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 24 दिसंबर।** च ंद दिनों बाद ही पुराने साल की विदाई व नये साल का आगाज होने वाला है। इसके चलते इन दिनों दक्षिण बस्तर के पर्यटन स्थलों में भारी भीड़ उमड़ने लगी है। इधर बच्चों की शीतकालीन छुट्टी शुरू हो चुकी है। इस लिहाज से भीड़ और भी ज्यादा बढ़ गयी है। सपरिवार लोग पर्यटन स्थलों को निहारने पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु प्रदेश के कोने कोने से शक्तिपीठ दंतेवाड़ा पहुंच मांई दंतेश्वरी के दर पर मत्था टेक परिवार में सुख शांति एवं देश की सलामती एवं तरक्की के लिये प्रार्थना कर रहे हैं। मांईजी के मंदिर में श्रद्धालुओं की हर रोज भारी भीड़ उमड़ रही है। किसी उत्सव सा नजारा इन दिनों माता दंतेश्वरी की पावन धरा दंतेवाड़ा का दिखाई पड़ रहा है।

गौरतलब है कि हर साल की तरह इस बार भी बढ़ती ठंड को देखते हुए प्रदेश सरकार ने स्कूलों में 22 दिसंबर से 28 दिसंबर तक शीतकालीन छुटटी कर दी है। छुटिटयां शुरू होते ही भारी तादात में सैलानी मां दंतेश्वरी के दर्शन एवं आसपास क्षेत्र के पर्यटन स्थलों में घुमने के लिए हर रोज बड़ी संख्या में दंतेवाड़ा पहुंच रहे हैं। दंतेवाड़ा नगरी देश के 51 शक्तिपीठों में से एक है। यहां मांई दंतेश्वरी का विश्व प्रसिद्ध मंदिर है। बीते सप्ताह भर से सैलानियों की संख्या में इजाफा देखा गया है। मांईजी के मंदिर में तथा आसपास परिसर में श्रद्धालुओं की जमघट लगी हुई है। किसी नवरात्र उत्सव की तरह इन दिनों दंतेवाड़ा का नजारा देखने को मिल रहा है। श्रद्धालु हर वर्ष साल के गुजरने एवं नए साल के अवसर पर माईजी से आर्शीवाद लेने दंतेवाड़ा पहुंचते हैं। छुटिटयां भी शुरू हो चुकी है इसी का फायदा उठाते लोग दूर दराज क्षेत्रों से माईजी के दर्शन पूजन के लिये पहूंच रहे हैं। प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में पर्यटकों की बसें एवं सैकड़ों की संख्या में छोटे फोर व्हीलर वाहनों से श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं। मेंढका डोबरा मैदान हो या मेला परिसर स्थल हर तरफ वाहन ही वाहन दिखाई पड़ रहे हैं। मंदिरों में प्रतिदिन सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लग रही है। मांईजी के दर्शन पूजन कर सैलानी बारसूर, ढोलकल, हांदावाड़ा, फूलपाढ़, बैलाडिला, समलूर, गोदगोदा, सातधार, तिरथगढ़, कुम्हाररास डेम, कुटुम्बसर, तूलार आदि पर्यटन स्थलों की ओर भी रूख कर रहे हैं। सैलानियों के भारी तादात में पहुंचने से यहां के व्यवसायी भी गदगद हैं। सैलानियों के आने से होटल एवं लॉज व्यवसायियों की चांदी हो गई है। पूजा सामग्री दुकानों में भी अच्छी खासी ग्राहकी देखी जा रही है। आलम यह कि इन दिनों शहर के दोनों दंतेश्वरी धर्मशालाएं, तमाम होटल एवं बस स्टेंड स्थित रैन बसेरा के कमरे सैलानियों से अटे पड़े हैं। धर्मशालाओं में साफ सफाई समेत कई प्रकार की अव्यवस्थाओं के चलते सैलानियों को परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है।

## एक नजर

### पीएम आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत अपात्र हितग्राहियों की सूची जारी

**रायगढ़, 24 दिसम्बर ।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास प्लस सूची (सर्वे 2018) एवं स्थायी प्रतीक्षा सूची के अनुसार जिले की समस्त जनपद पंचायतों से नियमानुसार अपात्र पाए गए हितग्राहियों/परिवारों की सूची जिला कार्यालय को अग्रिम कार्यवाही हेतु प्राप्त हो गई है। यह प्रक्रिया ग्राम सभाओं के प्रस्ताव एवं जनपद पंचायतों की कार्यवाही के उपरांत पूर्ण की गई है।जिला पंचायत रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार अपात्र परिवारों की सूची जिला पंचायत कार्यालय, संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय एवं ग्राम पंचायतों के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है, ताकि आमजन को इसकी जानकारी मिल सके। चस्पा की गई सूची में जिन हितग्राहियों या परिवारों को किसी प्रकार की आपत्ति या दावा प्रस्तुत करना है, वे 31 दिसंबर 2025 को सायं 5.30 बजे तक जिला पंचायत कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय अथवा ग्राम पंचायत में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़, 24 दिसम्बर ।** अनुसूचित जाति वर्ग के व्यक्तियों को स्वयं का व्यवसाय प्रारम्भ करने एवं स्वरोजगार से जोड़ने हेतु छ.ग. शासन द्वारा प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय (पीएम-अजय) योजना संचलित की जा रही है। लघु उद्योग एवं व्यापार के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण स्वीकृत कराये जाने हेतु प्रकरण भेजे जाते है, निगम द्वारा अनुदान प्रेषित किया जाता है। ऋण इकाई लागत की अधिकतम सीमा नहीं है। विभिन्न प्रकार की योजनाएं जैसे-किराना, मनिहारी, कपड़ा, नाई सेलून, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, फैन्सी, मोटर मैकेनिक, सायकिल मरम्मत एवं दुकान, टीव्ही रेडियो, मोबाईल रिपेयरिंग, वाईंडिंग, मुर्गीपालन, बकरी पालन, सब्जी व्यवसाय, दोना-पत्तल निर्माण, लघु एवं कुटीर उद्योग एवं स्थानीय परिस्थिति अनुसार अन्य आवश्यकताजनित व्यवसाय संचालित करने हेतु ऋण आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है।

### जनदर्शन में विभिन्न मांगों एवं शिकायतों को लेकर पहुंचे ग्रामीण

**मोहला 24 दिसंबर ।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे ग्रामीणों एवं नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में विकासखंड चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरसुर के समस्त ग्रामवासियों ने मुर्गी शेड निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने हेतु आवेदन दिया। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य प्रारंभ होने से क्षेत्र के लोगों को रोजगार एवं सुविधा मिलेगी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को कार्य जल्द प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम हाड़ीटोला निवासी श्री रतनलाल ने अपने मकान के ऊपर से गुजर रहे बिजली पोल एवं तार हटाने के संबंध में आग्रह किया। उन्होंने बताया कि बिजली लाइन के कारण मकान निर्माण में परेशानी हो रही है। जिस पर कलेक्टर ने विद्युत विभाग को आवश्यक जांच कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।मोहला निवासी राजेश कुमार नेताम ने अपनी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र बनाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। वहीं ग्राम पंचायत कुसुमकसा के ग्रामीणों ने बाजार शेड निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान करने हेतु आवेदन दिया।

### जिले में श्रमिकों का शत-प्रतिशत पंजीयन हो सुनिश्चित:कलेक्टर

**मोहला, 24 दिसंबर ।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति एवं जिले में संचालित विकास कार्यों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती भारती चन्द्राकर, अपर कलेक्टर श्री जीआर मरकाम, एसडीएम मोहला श्री हेमेन्द्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर श्री अमित नाथ योगी, डिप्टी कलेक्टर श्री डीआर ध्रुव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में कलेक्टर ने आदिवासी विकास विभाग की समीक्षा करते हुए जिले के समस्त छात्रावासों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रावासों की मरम्मत कार्यों की जानकारी लेते हुए कहा कि मरम्मत कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। साथ ही एकलव्य आवासीय विद्यालय के निर्माण कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की।

# तेंदुए का शिकार,आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**धमतरी,24 दिसंबर।** धमतरी वन मंडल के उत्तर सिंगपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत वन विभाग की सतर्क गश्त और त्वरित कार्रवाई से तेंदुए के अवैध शिकार का मामला सामने आया है। 22 दिसंबर को ग्राम कोरगांव के एक चरवाहे ने कुएँ में तेंदुआ गिरने की सूचना दी थी। मौके पर पहुंचने पर कुएँ में तेंदुआ नहीं मिलाए जिसके बाद वन अमले ने क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया।

तलाशी के दौरान आरक्षित वन कक्ष क्रमांक 23ए ग्राम कोरगांव कनडबरा क्षेत्र में एक तेंदुआ मृत अवस्था में पाया गया। गंभीरता को देखते हुए वन अपराध प्रकरण क्रमांक 14907.02 दिनांक 22.12.2025 दर्ज कर रात्रिकालीन जांच शुरू की गई। जांच में उदंती सीतानदी टाइगर रिज़र्व के डॉग स्क्वाड की भी सहायता ली गई।

जांच के दौरान ग्राम कोरगांव निवासी गोवर्धन पटेल 35 वर्ष के कब्जे से तेंदुए के पंजे नाखून तथा अपराध में प्रयुक्त हथियार बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया है। उसके विरुद्ध वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों से भी पूछताछ जारी है।प्रथम दृष्टया तेंदुए की मृत्यु कुएँ में डूबने से होना प्रतीत होती है। तेंदुआ अनुसूचीदृप् का संरक्षित वन्यप्राणी होने के कारण तीन सदस्यीय पशु चिकित्सक दल द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया है। आवश्यक नमूने फॉरेंसिक जांच हेतु जबलपुर प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। रिपोर्ट के आधार पर मृत्यु के वास्तविक कारण की पुष्टि की जाएगी।वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन्यप्राणियों के संरक्षण को लेकर निगरानी और कानून का सख्त पालन जारी रहेगा तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# धरमजयगढ़ में सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन 25 दिसंबर को

**रायगढ़, 24 दिसम्बर।** राज्य शासन के मंशानुरूप एवं जिला प्रशासन के निर्देश पर सांसद क्षेत्र स्तरीय सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन आगामी 25 दिसंबर को रायगढ़ जिले के दशहरा मैदान धरमजयगढ़ में किया जा रहा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, अनुशासन, शारीरिक दक्षता एवं प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को विकसित करना है।

डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस खेल महोत्सव में जिला रायगढ़, जशपुर एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ से कुल 350 से 400 प्रतिभागी, अधिकारी एवं निर्णायक भाग लेंगे। प्रतियोगिता के अंतर्गत व्यक्तिगत एवं दलीय दोनों श्रेणियों के खेल आयोजित किए जाएंगे। व्यक्तिगत खेलों में 100 मीटर दौड़, लंबीकूद, 800 मीटर दौड़, बैडमिंटन, फुगड़ी एवं गेड़ी दौड़ शामिल हैं, जबकि दलीय खेलों के अंतर्गत वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो एवं रस्साकसी प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।व्यक्तिगत खेल प्रतियोगिताएं दो आयु वर्ग-15 से 20 वर्ष तथा 21 से 35 वर्ष के खिलाड़ियों के मध्य संपन्न होंगी, वहीं दलीय खेलों में 15 से 35 वर्ष तक के खिलाड़ी भाग लेंगे। आयोजन की तैयारियों के संबंध में बताया गया कि सभी खिलाड़ियों, अधिकारियों एवं निर्णायकों को आयोजन के एक दिवस पहले 24 दिसंबर 2025 को सायं 5 बजे तक आयोजन स्थल धरमजयगढ़ में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही प्रतिभागियों को मौसम को ध्यान में रखते हुए आवश्यक गर्म कपड़े एवं खेल किट साथ लाने के लिए कहा गया है। उन्होंने आम नागरिकों एवं खेल प्रेमियों से आयोजन स्थल पर पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

### ग्राम चितापुर से नॉन ड्यूटी पेड 50 पेटी अवैध मदिरा जब्त



**जगदलपुर, 24 दिसंबर ।** बस्तर कलेक्टर हरिस एस के निर्देश एवं अमन सिंह,जिला आबकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई की ग्राम चितापुर निवासी सोनारू पिता भागरती जिला बस्तर अपने रहवास मकान में अवैध रूप से मदिरा संधारण किया गया है । उक्त सूचना के प्राप्त होने पर प्रभारी आबकारी अधिकारी थे।

# किसानों की सुविधाओं और मंडी अधोसंरचना को मिलेगा नया आयाम : रामविचार नेताम



**रायगढ़, 24 दिसम्बर।** राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर रायगढ़ जिले में कृषि एवं मंडी अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। जिले के प्रभारी मंत्री एवं राज्य शासन के केबिनेट कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम ने आज कृषि उपज मंडी समिति पटेलपाली रायगढ़ में 6.15 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत पूजा-अर्चना के साथ भूमिपूजन किया। इस अवसर पर प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी.चौधरी सहित जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री राम विचार नेताम ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के कल्याण और कृषि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में जनादेश परब का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विकास कार्यों को जनता के सामने प्रस्तुत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी के अंतर्गत की गई घोषणाओं को ईमानदारी से धरातल पर उतारा जा रहा है। आज जिन कार्यों का भूमिपूजन किया गया है, उनसे किसानों को बेहतर भंडारण सुविधा, सुगम आवागमन और आधुनिक मंडी अधोसंरचना उपलब्ध होगी, जिससे कृषि उपज के प्रबंधन और विपणन में उल्लेखनीय सुधार आएगा। इन कार्यों के पूर्ण होने से मंडी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी, किसानों को उपज के भंडारण एवं विक्रय में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के समग्र आर्थिक विकास को गति प्राप्त होगी।

वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने कहा कि प्रदेश में सरकार के गठन के बाद से रायगढ़ जिले में अभूतपूर्व विकास कार्य किए जा रहे हैं। मंडी क्षेत्र में हुए विकास को किसान और व्यापारी प्रत्यक्ष रूप से महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि मंत्री के नेतृत्व में मंडियों का विकास किसानों के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि मजबूत कृषि अधोसंरचना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी और किसान सशक्त होंगे। उन्होंने राष्ट्रीय किसान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए जय जवान-जय किसान का नारा दिया।

### डिजिटाईजेशन, पारदर्शिता और सुविधाजनक होने से धान बिक्री करना हुआ आसान

**मोहला 24 दिसंबर ।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में तेजी से धान खरीदी की जा रही है। शासन किसानों की उपज को समर्थन मूल्य में खरीदी कर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बना रही है। आर्थिक मजबूती से किसान अपने सपने पूरा करने के लिए सक्षम हो रहे है। अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम गोपनीलचुवा के किसान श्री अजय कुमार जुरेशिया ने बताया कि वे धान उपार्जन केन्द्र आड़ेझार में 250 कट्टा धान बिक्री करने आए हैं। उनके पास 8 एकड़ खेती जमीन है। जिसमें परंपरागत खेती करते हुए धान की फसल लेते हैं।

उन्होंने कहा कि शासन द्वारा 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी करने से उनकी उपज का उचित दाम मिल रहा है और राशि भी 24 घंटे के भीतर सीधे ऑनलाईन खाते में मिल रही है। किसान श्री अजय कुमार ने बताया कि इस वर्ष धान बिक्री की राशि से अपने भतीजे की शादी के लिए उपयोग करेंगे है।

## समाचार संक्षेप

### अवैध धान पर जिला प्रशासन की सख्त कार्रवाई



**धमतरी, 23 दिसंबर ।** जिला कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशन में जिले के समस्त धान उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया सुचारू, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित रूप से संचालित की जा रही है। किसानों को निर्बाध लाभ सुनिश्चित करने तथा कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध रूप से धान के भण्डारण एवं परिवहन की संभावनाओं पर अंकुश लगाने हेतु जिला एवं ब्लॉक स्तर पर उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है।

उड़नदस्ता दल में राजस्व, कृषि, खाद्य, सहकारिता एवं कृषि उपज मण्डी के अधिकारी शामिल हैं, जो निरंतर औचक निरीक्षण करते हुए अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं। संदेहास्पद मामलों में पूछताछ के साथ-साथ विधिवत् जब्ती की कार्रवाई भी की जा रही है। इसी क्रम में 22 दिसंबर 2025 को कृषि उपज मण्डी समिति नगरी अंतर्गत श्री रामू किराना स्टोर्स, बिरगुड़ी से 11.20 क्विंटल तथा कृषि उपज मण्डी समिति कुरूद अंतर्गत श्री गणपति राईस मिल, कुरूद से 80.00 क्विंटल एवं श्री राजेन्द्र प्रसाद महावर, कुरूद से 11.60 क्विंटल अवैध धान, कुल 102.80 क्विंटल धान को विधिवत् जब्त किया गया। जिला प्रशासन द्वारा अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई निरंतर जारी है, जिससे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनी रहे और वास्तविक किसानों को उनका पूरा लाभ प्राप्त हो सके।

### राज्य स्तरीय उड़नदस्ता ने बोरई में अवैध धान खरीदी पर की कार्रवाई



**धमतरी, 24 दिसंबर ।** आज दिनांक 23 दिसंबर 2025 को राज्य स्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नगरी, खाद्य निरीक्षक एवं मंडी अधिकारी-कर्मचारियों के संयुक्त दल के साथ नगरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम बोरई में औचक निरीक्षण किया गया। कार्रवाई श्री रितेश कुमार अग्रवाल, कार्मिक प्रबंधक, राज्य वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन (स्ङ्घष्ट), श्री गिरीश शर्मा, उप महाप्रबंधक, आपूर्ति निगम, श्री परमेश्वर यादव, सहायक प्रबंधक, मार्कफेड तथा प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई का नेतृत्व अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नगरी, श्रीमती प्रीति दुर्गम द्वारा किया गया। उनके साथ खाद्य निरीक्षक नगरी श्री विश्व प्रताप चंदेल एवं मंडी सचिव नगरी श्री बी. आर. मंडई भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान फर्म बाबूलाल चम्पालाल जैन, बोरई के गोदाम परिसर में 563 कट्टा (225.20 क्विंटल) धान अवैध रूप से खरीदी करते पाया गया। उक्त धान को छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के तहत जप्त कर लिया गया तथा जप्त धान को फर्म के संचालक श्री भीमराज जैन, बोरई की सुपुर्दगी में रखा गया है प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि समर्थन मूल्य व्यवस्था एवं मंडी अधिनियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ, 465 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

**धमतरी, 24 दिसंबर ।** फिट युवा फॉर विकसित भारत÷ थीम पर आधारित विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ पंडरी राव कृदत्त इनडोर स्टेडियम प्रांगण, धमतरी में गरिमामयी वातावरण में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक धमतरी श्री ओंकार साहू रहे। अध्यक्षता नगर निगम महापौर श्री रामू रोहरा ने की, वही विशिष्ट अतिथि के तौर पर अध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग श्री नेहरू निषाद, पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डिपेन्द्र साहू, सभापति नगर निगम श्रीमती कौशल्या देवांगन तथा अध्यक्ष जनपद पंचायत धमतरी श्रीमती अंगिरा ध्रुव उपस्थिति रही।इस विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिता में पाँच क्लस्टरों से आए कुल 465 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिताएं 11 खेल विधाओं जैसे ऊँची कूद, लंबी कूद, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल एवं बैडमिंटन में आयोजित की गईं। खिलाड़ियों ने उत्साह, अनुशासन और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों को श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं तथा खेलों के माध्यम से शारीरिक फिटनेस और अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खेल युवा शक्ति को सकारात्मक दिशा देने का सशक्त माध्यम हैं।विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के विजेता खिलाड़ी आगामी लोकसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव, महासमुंद में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस अवसर पर नोडल अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) धमतरी एवं जिला खेल अधिकारी श्री पीयूष तिवारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमतरी, उपायुक्त नगर निगम धमतरी, सहायक जिला खेल अधिकारी सहित विभिन्न खेलों के व्यायाम शिक्षक एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कुर्मी समाज के अधिवेशन में भूपेश बघेल ने बीजेपी पर लगाए आरोप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा नेवरा, 24 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के वार्षिक अधिवेशन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कैबिनेट मंत्री टन्क राम वर्मा, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा सहित अनेक लोग पहुंचे । रविवार को बी एनबी हाई स्कूल मैदान में मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का राज्य अधिवेशन के शुभारंभ अवसर पर सुबह कलश यात्रा निकाली गई , समाज का ध्वज रोहण पश्चात कार्यक्रम कि शुरू आत की गई। अधिवेशन में समाज के विभिन्न प्रतिभाओं का सम्मान किया गया साथ ही समाज के उत्कृष्ट विद्यार्थियों दानदाताओं एवं उच्च शिक्षा में प्रवीणता हासिल करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया।>

एक दिया नामक पुस्तक का विमोचन किया गया।कार्यक्रम के अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने भाषण में भारतीय जनता पार्टी की सरकार की जमकर खींचाई की , उन्होंने कहा कि राशन कार्ड से 30 लाख हितग्राहियों को काटा गया है । मेरे ऊपर लगे भ्रष्टाचार की जांच चल रही है कह करके सालों अटका कर रखे हैं । मै अदानी पावर का विरोध करता हूं इसलिए मेरे ऊपर जांच के नाम पर मुझे परेशान किया जा रहा है । मेरे पुत्र को इतने दिन तक जेल में रखे हैं जांच के नाम पर और उसके आगे कुछ नहीं हो रहा है । अगर पर्याप्त सबूत है तो उसे सजा दिलाई जाए । मुझे बदनाम करने के लिए मेरे पीछे विशेष रूप से शासकीय मशीनरी को लगा दिया गया है । अगर भूपेश बघेल को गिरफ्तार करेंगे तो छत्तीसगढ़ में उसका कितना असर होगा ऐसे ही क ई अन्य तरह के हथकंडे अपनाएं जा रहे हैं।मैं किसानों और मजदूरों की लड़ाई लड़ रहा हूं । कई किसानों ने कहा है की टोकन सही समय में नहीं कट रहा है । उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि मेरा भी टोकन काटा है पर अभी धान नहीं बेच पाया हूं। साथ ही समाज वालों को एक दिशा देते हुए उन्होंने कहा है कि समाज में कम उम्र के बच्चों में नशा का आदत बढ़ते जा रहा है इसके लिए समाज को और परिवार को बहुत ज्यादा ध्यान देना होगा। कम उम्र के बच्चे नशे के लत से दूर रहे । नशे के आदी होने से दूर रह सके यह कार्य समाज को ही करना होगा । उक्त कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री टन्कराम वर्मा भी पहुंचे और उन्होंने बताया कि अभी-अभी कुछ समय पूर्वी मैं समाज के लिए सात लाख की रजिस्ट्री शासन के तरफ से कराई है एवं उस भूमि पर निर्माण के लिए 20 लाख रुपया भी इस बजट में दे चुका हूं । कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा ,पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, जिला पंचायत के सभापति स्वाति वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा , तिल्दा नगर पालिका के पूर्व सभापति लक्ष्मी नारायण वर्मा शहर के कई पार्षद गण तथा मनवा कुर्मी समाज के अधिवेशन में कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप के द्वारा किया गया वहीं तिलदा राज के राज प्रधान ठाकुर राम वर्मा सहित 10 राज्य के राज प्रधान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दौलत धुरंधर के द्वारा किया गया एवं पूरे कार्यक्रम में तिल्दा नेवरा शहर प्रमुख दुर्गेश वर्मा ,संरक्षक जैनेंद्र बघेल , ग्राम प्रमुख शिव वर्मा, तिल्दा युवा प्रमुख अनिल नायक, भागवत वर्मा , टॉप लाल वर्मा दीपक वर्मा , ज्योति प्रकाश वर्मा, अनिल वर्मा, कृष्ण मुरारी वर्मा, खेमनाथ नायक, अनुराधा वर्मा, कौशल वर्मा, नंदिनी खिचड़िया, गौरी वर्मा सहित समाज के अनेक लोगों का योगदान रहा।

# रायगढ़ को महानगर की तर्ज पर विकसित करने हरसंभव प्रयास:रामविचार नेताम

**रायगढ़, 24 दिसम्बर।** जिले के प्रभारी मंत्री एवं कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कहा कि विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना को साकार करने की दिशा में रायगढ़ जिला भी तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है। राज्य सरकार ÷सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की भावना के अनुरूप योजनाबद्ध एवं सतत विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। रायगढ़ अपनी समृद्ध कला-संस्कृति और कत्थक घराने के लिए राष्ट्रीय पहचान रखता है। रायगढ़ महानगर के स्वरूप की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

जिले के प्रभारी मंत्री एवं कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम तथा वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने राष्ट्रीय किसान दिवस एवं छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर आज नगर निगम ऑडिटोरियम रायगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम क्षेत्र के विकास के लिए 6 करोड़ 59 लाख रुपये की लागत से 96 विकास कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया। इसके साथ ही धरमजयगढ़ विकासखंड के ग्राम चिकलापानी-कुम्हीचुंआ तथा ग्राम बिरहोरपारा-रूवांफूल में आदिम जाति विकास विभाग अंतर्गत 1 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से निर्मित बहुउद्देशीय केंद्र भवनों का लोकार्पण भी किया गया। इन बहुउद्देशीय केंद्रों के निर्माण से ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों में सामाजिक,



सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों के संचालन के लिए स्थायी एवं सुदृढ़ अधोसंरचना उपलब्ध होगी, जिससे स्थानीय नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कहा कि शहर में सौंदर्यीकरण, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, खेल, सड़क, पुल, गार्डन, ऑक्सीजोन, स्टाफ डेम जैसी बुनियादी सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नगर निगम रायगढ़ को महानगर की तर्ज पर विकसित करने हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज 96 विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया है। जिसके पूर्ण होने के पश्चात रायगढ़ का स्वरूप और अधिक आधुनिक, सुव्यवस्थित एवं नागरिक-अनुकूल दिखाई देगा।

प्रभारी मंत्री ने किसानों से उन्नत एवं विविध कृषि अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि केवल धान पर निर्भरता से जल संसाधनों पर अत्यधिक दबाव पड़ता है। मक्का, सरसों, मसूर सहित अन्य वैकल्पिक फसलों एवं मिश्रित खेती से आय में वृद्धि संभव है। जल संरक्षण एवं जल संवर्धन आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में मोदी की गारंटी के तहत 18 लाख गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है। महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को प्रतिमाह आर्थिक सहायता तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये की सहायता प्रदान की जा रही है।

### रायगढ़ को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाना प्राथमिकता:वित्त मंत्री ओपी चौधरी

वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि रायगढ़ को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। विकास कार्यों के लिए राशि की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। नालंदा परिसर, ऑक्सीजोन, गार्डन, रिंग रोड, पुल-पुलिया, खेल एवं शिक्षा सुविधाओं के विस्तार से रायगढ़ को आधुनिक शहर के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। रायगढ़ में स्थापित नव गुरुकुल संस्थान के माध्यम से बेटियों को निःशुल्क प्रशिक्षण, आवास, भोजन तथा रोजगार की गारंटी प्रदान की जा रही है। जिले में आयोजित करियर मार्गदर्शन कार्यक्रमों से हजारों युवाओं को सही दिशा मिली है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित और उज्ज्वल बनाने के उद्देश्य से शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, आधुनिक संसाधनों एवं आधारभूत संरचनाओं को भी सुदृढ़ किया जा रहा है। रायगढ़ को शिक्षा और अवसरों के केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

# राजनांदगांव की मिट्टी में छिपा है हॉकी का बीज:डॉ रमन

■ विधानसभा अध्यक्ष के हाथों हॉकी लीग का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 24 दिसंबर।** हॉकी की नर्सरी में आयोजित छत्तीसगढ़ हॉकी लीग का शुभारंभ हो गया है। चिखली के स्कूल ग्राउंड में आयोजित इस स्पर्धा का रविवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने श्री गणेश किया। इस अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में डॉ सिंह रिबिन काटकर एवं मार्च पास्ट का अभिवादन स्वीकार कर खेल गतिविधियों से रूबरू हुए। इस दौरान खिलाड़ियों एवं खेल जगत से जुड़े लोगों को संबोधित करते हुए डॉ रमन सिंह ने कहा कि राजनांदगांव की मिट्टी में हॉकी का बीज छुपा हुआ है और जो बच्चे मेरे सामने बैठे हुए हैं उनमे रुद्राक्षम वेलफेयर सोसायटी के माध्यम से बीजारोपण हो गया। श्री सिंह ने विश्वास जताया कि आने वाले 10 सालों में ये बच्चे हॉकी जगत में वृक्ष का रूप ले कर देश का प्रतिनिधित्व करेंगे तो आश्चर्य नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इतनी कड़ी मेहनत और साधना के साथ बच्चे अभ्यास कर रहे हैं और मृणाल चौबे जैसा गुरु उन्हें मिल गया है तो इन बच्चों को सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा इस मैदान के बच्चे हॉकी में इसी तरह मेहनत करते रहे तो भविष्य में एक-दो नहीं बल्कि 50 से ज्यादा मृणाल चौबे जैसे खिलाड़ी इस हॉकी की नर्सरी से निकलेंगे और देश का प्रतिनिधित्व कर संस्कारधानी को गौरवान्वित करेंगे। चिखली में आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमित भाटिया, बंटू जैन, रघु शर्मा, प्रिंस भाटिया, फिरोज अंसारी और मृणाल चौबे सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।




### मार्च पास्ट देख रमन सिंह गदगद हुए

मार्च पास्ट में शामिल नन्हे खिलाड़ियों के कदमताल को देख कर डॉ रमन सिंह गदगद हो गए। उन्होंने बताया कि सांसद, मंत्री, मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष रहते हुए वे लगातार मार्च पास्ट में शामिल होते रहे हैं, लेकिन आज इन बच्चों के मार्च पास्ट को देखकर जो खुशी हुई उसको बयां कर पाना मुश्किल है। एक चार साल की बच्ची के कदमताल का जिक्र कर उन्होंने बच्चो के जज्बे को सलाम किया।

### खेल मैदान की मांग पूरी

इस अवसर पर श्री सिंह ने पटरी पार के खिलाड़ियों के लिए हॉकी मैदान की मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा जीम एवं खेल सामग्री कक्ष बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि शहर की खेल सुविधाओं में लगातार विस्तार किया जा रहा है और आने वाले समय में संस्कारधानी को खेल के क्षेत्र में बड़ी सौगात मिलेगी।

## एक नजर

### शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जा रही



**बलौदाबाजार 24 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जप्त करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है, जिसके तहत चेकिंग अभियान में थाना लवन पुलिस द्वारा ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 01 वाहन चालक को शराब पीकर, वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया। पुलिस द्वारा प्रकरण में चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए, उसका वाहन विधिवत जप्त कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें आज दिनांक 23.12.2025 को माननीय न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाहन चालक गितेश साहू उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम अहिल्दा को ?15,000 अर्थदंड का आदेश दिया गया है। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### आंगनबाड़ी सहायिका के एक पद के लिए 5 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार,24 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत बलौदाबाजार एकीकृत बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी सहायिका के 1 रिक्त पद पर भर्ती की जाएगी। जिसमें आंगनबाड़ी सहायिका के लिए पनगांव आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-4 शामिल है। आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आठवीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। यह पद केवल महिलाओं के लिए है। आवेदन करने के अंतिम तिथि 5 जनवरी 2025 तक कार्यालयीन समय में सायं 5.30 बजे तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदाबाजार, जिला बलौदाबाजार- भाटापारा(छ.ग.) के पते पर अपना आवेदन पत्र सीधे एवं पंजीकृत डाक के माध्यम से जमा कर सकते है।

### खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने मिष्ठान्न एवं बेकरी का किया निरीक्षण जांच के लिए लिया सैंपल भी



**बलौदाबाजार 24 दिसंबर।** नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन एवं कलेक्टरदीपक सोनी के निर्देशानुसार किसमस व नये साल को देखते हुये ग्राहकों को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु लगातार नमूना संकलन व निरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। इसी कम में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा जिले के विभिन्न खाद्य संस्थानों का निरीक्षण एवं जांच कर सैम्पल लेकर जांच हेतु राज्य प्रयोगशाला भेजा गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी कंचन वर्मा ने बलौदाबाजार म स्थित माय बेकर्स से ब्लैक फॉरेस्ट केक, लाला डेयरी से पनीर तथा होटल पार्क प्लाजा से बेज बिरयानी तथा दाल फ्राई का नमूना लिया। संध्या महिलांग ने भाटापारा स्थित द केक बॉक्स से चाकलेट केक तथा सिमगा स्थित संगम डेयरी से पनीर, मीठा दही व दूध का नमूना संकलन किया गया है। उक्त खाद्य पदार्थ का नमूना संकलन कर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है।जांच रिपोर्ट आने पर नियमानुसार कार्यवाही किया जायेंगा।

कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को मिट्टी परीक्षण से लेकर फसल उत्पादन की उचित सलाह दी

# जिले में तिलहन मिशन के तहत उत्पादन बढ़ाने सरसों-सूरजमुखी-अलसी की खेती पर जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,24 दिसंबर।** राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन (एनएमईओ) भारत सरकार की एक प्रमुख योजना है। जिसका लक्ष्य तिलहन की खेती को बढ़ावा देकर खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता हासिल करना है ताकि आयात पर निर्भरता कम हो और किसानों की आय बढ़े। इसके तहत 2024-25 से 2030-31 तक तिलहन और पाम ऑयल दोनों क्षेत्रों को कवर किया जाएगा, जिसमें तिलहन उत्पादन को 39 मिलियन टन से बढ़ाकर 69.7 मिलियन टन और पाम ऑयल उत्पादन को 2025-26 तक 11.20 लाख टन तक पहुँचाने का लक्ष्य है, जिसमें मूंगफली, सोयाबीन, सरसों, सूरजमुखी और पॉम जैसे तिलहन शामिल हैं।

उप संचालक कृषि दीपक नायक ने बताया कि बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में योजना अंतर्गत सरसों 800 हेक्टेयर, अलसी 40 हेक्टेयर एवं सूरजमुखी 60 हेक्टेयर की फसलों को बढ़ावा देने हेतु कुल 900 हेक्टेयर क्षेत्र में फसल प्रदर्शन आयोजित की गई है। साथ ही जिले में कार्यरत कृषक उत्पादन संगठन- किसान कल्याण उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित बलौदाबाजार को व्हीसीपी के रूप में चयनित कर बीज वितरण एवं कृषक प्रशिक्षण का कार्य तकनीकी एजेंसी कृषि विज्ञान केन्द्र, भाटापारा के माध्यम से किया जा रहा है। कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को मिट्टी परीक्षण से लेकर फसल उत्पादन की उचित सलाह एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। विभागीय मैदानी अधिकारियों द्वारा भारत सरकार की पोर्टल कृषि मैपर के माध्यम से किसानों की जानकारी संधारित की जा रही है तथा किसानों को डिजिटल क्राप सर्वे एवं फसल गिरदावरी में अनिवार्य रूप से फसलों की प्रविष्टि कराये जाने हेतु जानकारी प्रदान की जा रही है।




## डीपीएमयू की बैठक में एफएलएन के संचालन पर की गई चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 24 दिसंबर।** कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक दीपक सोनी की अध्यक्षता में संयुक्त कार्यालय कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में डी.पी.एम.यू. की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को ध्यान में रखतें हुए उनकें सफल क्रियान्वयन हेतु एफ एलएन प्रोजेक्ट के संचालन पर चर्चा किया गया। यह कार्य योजना 03 से 09 वर्ष के बच्चों को आधारभूत बुनियादी शिक्षा एवं गणितीय कौशल देने पर आधारित है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य को निर्धारित समयावधि में सफलतापूर्वक क्रियान्वयन करने के निर्देश दिया गया। बैठक में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत एफएलएन के निर्धारित लक्ष्यों को सत्र 2026-27 तक प्राप्त किये जाने हेतु कार्य योजना पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। जिले के सभी स्कूलों में संचालित योजनाएं बालवाडी, मुस्कान पुस्तकालय , पीयर लर्निंग, कबाड़ से जुगाड़, दिवार पत्रिका, सामुदायिक सहभागिता, बैगलेस डे, जादुई पिटारा, इतिहास लेखन, विद्यार्थी विकास सूचकांक आदि विस्तृत कार्य योजना के बारे में जानकारी प्रदान की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल, सीएमओ, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, सीएमएचओ, उपसंचालक समाज कल्याण विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से के.के. गुप्ता, डीएमसी नरेन्द्र वर्मा, जिला नोडल अधिकारी जहीर अब्बास, डी.पी.एम.यू. केशव प्रसाद चन्द्रा एवं भावना वर्मा उपस्थित थे।




## अग्निवीर भर्ती रैली 10 से 24 जनवरी तक

**बलौदाबाजार,24 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के द्वारा 10 जनवरी से 24 जनवरी 2026 तक इंडोर स्टेडियम जिला-धमतरी (छ.ग.) में छत्तीसगढ़ के समस्त 33 जिलों के पुरूष उम्मीदवारों के लिये अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के ऐसे आवेदक जिन्होने 30 जून 2025 से 10 जुलाई 2025 तक आयोजित ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) में भाग लेकर परीक्षा उत्तीर्ण की है वे आवेदक इस भर्ती रैली में शारीरिक दक्षता सहित और अन्य भर्ती प्रक्रिया में भाग ले सकेगें। इस रैली में अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर व अग्निवीर ट्रेडसमेन के पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। रैली में भाग लेने वाले अभ्यार्थियों को प्रवेश पत्र वेबसाईट- www.joinindianarmy.nic.in और उनकी ईमेल में भेजा गया है। भर्ती में भाग लेने वाले सभी उम्मीदवार एडमिट कार्ड, आधार कार्ड जो मोबाईल से लिंक है तथा वे समस्त दस्तावेज जो रैली. अधिसूचना में उल्लेखित है के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर समय पूर्व उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें।

## जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में ब्लाक के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 24 दिसंबर।** दिनांक 23 दिसंबर 2025 को मेरा युवा भारत राजनांदगांव , युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय , भारत सरकार द्वारा जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें राजनांदगांव जिले के राजनांदगांव, डोंगरगांव एवम् डोंगरगढ़ विकासखंड के युवा / युवतियों ने भाग लिया । प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में कब्बड़ी, महिला वर्ग में रस्सा - कसी , गोला फेक - पुरुष , तवा फेक - महिला वर्ग , 100 मीटर दौड़ - महिला एवम् 4*100 मीटर रिले रेस में पुरुष खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर के हिस्सा लिया। सभी विजेता खिलाड़ी जिन्होंने विकासखंड स्तरीय खेल में अव्वल प्रदर्शन किया उन्होंने जिला स्तरीय में अपने विकासखंड का प्रतिनिधित्व किया। कार्यक्रम के शुरुवात में माय भारत के जिला युवा अधिकारी श्री शुभजीत से द्वारा कार्यक्रम की रूप रेखा के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की ।कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राजनांदगांव विकासखंड के दिलापहरी ब्वॉयज को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ और दूसरे स्थान पर डोंगरगांव ब्लॉक की पेटेश्री टीम रही । रस्सा कसी महिला वर्ग में तूमदीबोड डोंगरगांव की टीम विजेता रही और दूसरे स्थान पर डोंगरगढ़ विकासखंड की टीम विजेता रही। सभी विजेता खिलाडियों को मोमेंटो एवम् प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती प्रतिमा पप्पू चंद्राकर एवम् विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती अनीता दिगैन सिन्हा , जनपद उपाध्यक्ष उपस्थित रहे एवम् ग्राम सरपंच रेंगाकथेरा की सरपंच श्रीमती ऊनीता गणेश साहू उपस्थित रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से माय भारत के पूर्व स्वयंसेवक श्री तेजस्वी वर्मा एवम् श्री ओमप्रकाश कंबदे उपस्थित रहे ।

## सुकुल दैहान में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 24 दिसंबर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सुकुल दैहान राजनांदगांव मे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर का आयोजन गत दिवस दिनांक 21 दिसंबर 2025 को आवासीय शिविर का शुभारंभ हुआ जिसमें चार स्कूलों की एनएसएस इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मुसरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पारा गांव खुर्द शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रेंगा कठेरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सुकुल दैहान के संयुक्त तत्वाधान में सात दिवसीय आवासीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है! कार्यक्रम के शुभारम्भ के गॉव के गणमान्य नागरिक पंचायत प्रतिनिधि गण श्री अस्मे देवांगन एवं श्री शिवकुमार देवांगन उपस्थित रहे! कार्यक्रम के दूसरे दिन बौद्धिक चर्चा में श्री मुन्ना लाल साहू व्याख्याता उच्चतर माध्यमिक शाला ऊपरवाह एवं श्री जय प्रकाश साहू प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सुकुल दैहान उपस्थित होकर बच्चों अपने जीवन का संघर्ष बताते जीवन में सफल होने रहस्य बताये! शिवीर का संचालन सभी कार्यक्रम अधिकारी श्री दानेश्वर लिल्हारे रेंगाकाठेरा श्री पुनेश्वर साहू पारा गांव खुर्द श्री भानु प्रताप लोधी मुसरा श्रीमती सुनीता धुर्वे सुकुल दैहान एवं सहायक कार्य क्रम अधिकारी श्री अनिल कुमार जंघेल उपस्थित है कार्यक्रम का समापन 27 दिसंबर 2025 को किया जायेगा।

## पीएम मोदी की गारंटी पूरी कराने कर्मचारी अधिकारी 28 से तीन दिवसीय आंदोलन पर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 24 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक इकाई डोंगरगढ़ द्वारा जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन हेतु दिनांक 29,30 व 31 को अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर विस्तृत रूपरेखा तय करने रेस्ट हाउस सभाकक्ष में बैठक ली गई। बैठक की अध्यक्षता पेहरेशन के ब्लॉक संयोजक भेलसिंह वर्मा ने की। बैठक में महासचिव योगेश चौरे व डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर ने जोर देकर कहा कि विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी के तहत कर्मचारियों से भाजपाइयों ने खूब वादे किये है। सरकार बनने के बाद इन वादों की ओर सरकार ध्यान नहीं दे रही है। अतः सभी कर्मचारियों व अधिकारियों एवं शिक्षकों से अपील की गई है कि अपनी उपस्थिति धरना स्थल फ्लाई ओवर के नीचे कलेक्ट्रेट आफिस के सामने राजनांदगांव में सत प्रतिशत दे । फेडरेशन के मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफरे ने बताया कि आज की बैठक में कर्मचारियों अधिकारियों तीन दिवसीय आंदोलन को पूरा करने के लिये अडिग रहने का निर्णय लिया है। बैठक में प्रमुख रूप से सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के अध्यक्ष हीरालाल मोर्य, शिक्षक संघ के अध्यक्ष संतोष कुमार देवांगन, धन्नुलाल महोबिया, टी के दुबे, अमित कुमार वैष्णव, राकेश सिन्हा, गुलमोहन वर्मा सहित कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन कई सदस्य उपस्थित थे।

### जुआ खेल रहे 6 जुआरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव 24 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं को त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी प्रकार की भी सूचना, शिकायत अथवा अपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। ÷समाधान सेल÷ के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी क्रम में समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर आज दिनांक 22.12.2025 को थाना सिमगा एवं साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ग्राम संजारी नवागांव में जुआ खेलते हुए 06 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी जुआरियों से नगदी रकम ?1,24,180 एवं 52 पत्ती ताश जप्त किया गया है।


**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग**

**मामले की श्रेणीः राजस्व**

**संदर्भ :- जिला- दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00040 कसारीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CG-2025-26-111-1-3288**

**ईश्तहार**

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00040 के अंतर्गत ग्राम कसारीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी राधिका शर्मा पिता/पति-स्व. नंदकुमार शर्मा पता-शुभाष नगर दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 709/10 (0.0090) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता विकास कुमार शर्मा पिता/पति-स्व. नंदकुमार शर्मा पता-शुभाष नगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29/12/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आम मुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/12/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

**Prafull Kumar Gupta**
तहसीलदार
तहसील-दुर्ग


■ जिले की चारों विधानसभा में कुल 8 लाख 21 हजार 443 मतदाताओं के नाम प्रारंभिक सूची में दर्ज

# कलेक्टर ने राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन की जानकारी दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,24 दिसंबर।** भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार मंगलवार को एसआईआर के तहत निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर निर्वाचक नामावली के प्रारंभिक प्रकाशन के संबंध में विधानसभावार मतदाताओं की संख्या एवं इससे संबंधित जानकारी दी।बैठक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचक नामावली के प्रारंभिक प्रकाशन की सूची सीडी एवं हार्ड कॉपी प्रदान की गई ।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सोनी ने बताया कि निर्वाचक नामावली के आज प्रारंभिक प्रकाशन के उपरांत प्रारंभिक सूची में सम्मिलित मतदाता दावा एवं आपत्ति 22 जनवरी 2026 तक प्रस्तुत कर सकेंगे। दावा एवं आपत्ति में प्राप्त वास्तविक एवं पात्र मतदाताओं का पंजीकरण कर पुनः मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत पाए गए मतदाताओं के नाम केवल एक ही स्थान पर शामिल किए जाएंगे। दावा-आपत्ति की सूची सीईओ छत्तीसगढ़ की वेबसाइट में भी अपलोड की जाएगी। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा ईआरओ द्वारा नोटिस जारी करने एवं सुनवाई की समय-सीमा आज से 14 फरवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। इसी तरह मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी मतदाताओं एवं सभी राजनीतिक दलों की सहभागिता से जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 43 बिलाईगढ़ , 444 कसडोल, 45बलौदाबाजार एवं 46 भाटापारा में कुल 8 लाख 21हजार 443 मतदाताओं ने अपने गणना पत्र जमा करवाए जिनका नाम प्रारम्भिक प्रकाशन सूची में सम्मिलित हैं। इनमें 4 लाख 16हजार 204पुरूष मतदाता, 4लाख 5 हजार 226 महिला मतदाता और 13अन्य (थर्ड जेंडर) मतदाता शामिल हैं।विधानसभा बिलाईगढ़ अंतर्गत 140 मतदान केन्द्र, पुरुष मतदाता 47479, महिला 45983,तृतीय लिंग 1 कुल मतदाता 93463, विधानसभा कसडोल अंतर्गत 433 मतदान केन्द्र, पुरुष मतदाता 171681,महिला 165583, तृतीय लिंग मतदाता 1, कुल 337265 मतदाता,विधानसभा बलौदाबाजार अंतर्गत 220 मतदान केंद्र, पुरुष मतदाता 81296, महिला 80782,कुल 162078 मतदाता, विधानसभा क्षेत्र भाटापारा अंतर्गत 312 मतदान केंद्र, पुरुष मतदाता 115748, महिला 112878,तृतीय लिंग 11, कुल 228637 मतदाता।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिनके गणना प्रपत्र विभिन्न कारणों से अप्राप्त रहे ऐसे कुल 1 लाख 30 हजार 112मतदाता है जिसमें 30 हजार 789 मतदाता मृत, 68 हजार 900 मतदाता स्थानांतरित, 10 हजार 91 मतदाता पहले से पंजीकृत व 19हजार 791 मतदाता अनुपस्थित रहे तथा 541 अन्य कारणों से अप्राप्त रहे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी सहित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ शासन

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25 वर्षों का उत्सव वर्षों का संकल्प

# मोदी संग बढ़त हे छत्तीसगढ़



## पीएम आवास योजना
**26 लाख** से अधिक परिवारों को पक्की छत देने वाले

## महतारी वंदन योजना
**70 लाख** महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने वाले

## पीएम किसान सम्मान निधि
**26 लाख** किसानों के चेहरे पर मुस्कान लौटाने वाले

## तेंदूपत्ता संग्रहण दर ₹5500 मानक बोरा
**13 लाख** संग्राहक परिवारों के चेहरे पर मुस्कान लाने वाले

## उद्यम क्रांति योजना
युवाओं को स्वरोज़गार के लिये **50% सब्सिडी** पर ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराने वाले

## दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना
**5.62 लाख** भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रतिवर्ष **₹10,000** की आर्थिक सहायता देने वाले

## प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना
**37 लाख** महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने वाले

## श्री रामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना
**37 हजार** से अधिक राम भक्तों को अयोध्या धाम की निःशुल्क यात्रा कराने वाले

# छत्तीसगढ़ में शांति, विश्वास और विकास का मार्ग हो रहा प्रशस्त

संवाद-46326/3



श्री विष्णु देव साय
मान. मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26